RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 229 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 11 मार्च, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

मनुष्य को हमेशा यह नहीं सोचना चाहिए की वो अपने जीवन में कितना खुश है, बल्कि यह सोचना चाहिये की उस मनुष्य की वजह से दूसरे कितने खुश हैं।

# भाजपा सांसद किरोड़ीलाल मीणा हिरासत में, तबीयत बिगड़ी

बोले- पुलिस ने मारने की कोशिश की; सड़कों पर उतरे समर्थक, हाईवे जाम

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** पुलवामा शहीदों की तीन वीरांगनाओं के धरने को जबरन खत्म करने के बाद अब पुलिस ने भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को हिरासत में ले लिया है। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं है। इधर, पुलिस पर मीणा ने हाथापाई का आरोप लगाया है। उधर, बताया जा रहा है कि हिरासत के दौरान किरोड़ी लाल मीणा की तबीयत खराब हो गई। उनके शरीर पर चोट लगी है, इसलिए उन्हें उपचार के लिए गोविंदगढ़ सीएचसी ले जाया गया। फिर वहां से एसएमएस अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं, गिरफ्तारी की खबर फैलते ही सांसद के समर्थक सड़कों पर उतरने लगे। विरोध में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे तथा लालसोट-दौसा हाईवे पर जाम लगाया। उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि किरोड़ी लाल मीणा से हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ शनिवार को भाजपा आंदोलन करेगी।





## सुंदर को अस्पताल में भर्ती कराने के विरोध में आया परिवार

जयपुर में धरने में शामिल 3 वीरांगनाओं में से एक भरतपुर की सुंदरी देवी गुर्जर को पुलिस ने जबरन नगर (भरतपुर) हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। सुंदरी देवी भरतपुर के गांव सुंदरावली के शहीद जवान जीतराम गुर्जर की पत्नी हैं। नगर अस्पताल के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात है। शुक्रवार सुबह पुलिस शहीद की पत्नी सुंदरी, देवर विक्रम और बड़ी बेटी सुमन को धरना स्थल जयपुर से उठा लाई और यहां नगर के अस्पताल में जबरन भर्ती करा दिया। विक्रम का कहना है कि हम स्वस्थ हैं, फिर भी हमें जबरन भर्ती करा दिया। पहले पुलिस सुंदरी को घर लेकर आई, फिर अस्पताल ले गई। शहीद के भाई विक्रम का कहना है कि भाई की शहादत के बाद 50 लाख की आर्थिक मदद मिल गई। नगर के सरकारी कॉलेज का नाम शहीद भाई के नाम पर रखने की फाइल अभी प्रोसेस में है। अब मेरे लिए सरकारी नौकरी की मांग की जा रही है। सरकार कहती है कि भाई को नौकरी नहीं दी जा सकती।

## किरोड़ी लाल बोले- पुलिस ने मारपीट की

किरोड़ी लाल मीणा ने पुलिस पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। किरोड़ी मीणा ने ट्वीट किया- पुलिस का एक सांसद के साथ में यह कैसा व्यवहार है? हिरासत में लेने के लिए मेरे साथ धक्का-मुक्की व हाथापाई की गई। मेरे कपड़े फाड़ दिए गए। सरकार कान खोलकर सुन ले- इस तानाशाही के बाद मैं झुकने और रुकने वाला नहीं हूं। शहीदों की वीरांगनाओं को हर हाल में न्याय दिलवा कर रहूंगा। दरअसल, मंजू को धरना स्थल से उठाकर पुलिस ने उनके देर रात करीब तीन बजे उनके गांव गोविंदपुरा बासड़ी छोड़ा था। अब उन्हें अमरसर पीएचसी में भर्ती करवाया गया है, किरोड़ी मंजू से मिलने के लिए जा रहे थे। वहीं एक अन्य वीरांगना सुंदरी को भरतपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## SMS अस्पताल के बाहर जुटे समर्थक, मिलने पहुंचे राठौड़

इधर, जैसे ही किरोड़ी को एसएमएस अस्पताल लाया गया, सैकड़ों समर्थक भी पहुंच गए। लोग अस्पताल के अंदर जाने की मांग पर बाहर हंगामा करने लगे। बीजेपी नेता राजेंद्र राठौड़ भी राज्यसभा सांसद से मिलने एसएमएस पहुंचे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जो कुछ भी किरोड़ी लाल मीणा के साथ किया, वो प्रदेश के गृहमंत्री के कहने पर किया है और प्रदेश के गृह मंत्री मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा- 11 मार्च को सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में बीजेपी नेता मीटिंग करेंगे। इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। मीणा के साथ 50 से अधिक लोगों ने अभद्रता की। बीजेपी नेता अरुण चतुर्वेदी ने कहा- एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचे किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जो गलत है। यहां पर समर्थक आए थे, उन्हे समझाया भी जा सकता था, लेकिन लाठियां चलाना सही नहीं है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ओम माथुर ने अस्पताल पहुंचकर किरोड़ी मीणा से मुलाकात की। इधर, एसएमएस अस्पताल की ओर से हेल्थ बुलेटिन जारी किया गया। अधीक्षक डॉक्टर अचल शर्मा ने बताया- किरोड़ी जब अस्पताल पहुंचे। उन्होंने गर्दन और सिर में दर्द की शिकायत बताई थी। सिर का सिटी स्कैन किया गया है। अभी तक की जांच में सभी पैरामीटर सामान्य है। इससे पहले किरोड़ी लाल मीणा दोपहर 12 बजे सामोद हनुमान जी के मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसके बाद वह वीरांगना मंजू जाट के परिवार से मिलने उनके घर जाने वाले थे। इसी दौरान पुलिस ने सामोद थाने के पास में किरोड़ी लाल मीणा को रोक लिया। इस दौरान पुलिस और किरोड़ी लाल मीणा के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। इस घटनाक्रम पर किरोड़ी लाल ने कहा, 'पुलिस ने मुझे मारने की कोशिश की, लेकिन वीरांगनाओं, युवा, बेरोजगारों और गरीबों के आशीर्वाद से बच गया। मुझे चोट आई है।' इस बीच बीजेपी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह भी उनसे मिलने पहुंचे। वह अब किरोड़ी के साथ ही गोविदगढ़ से रटर आ रहे हैं। अरुण सिंह और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी भी साथ हैं।

# 28 महीने बाद निगम ग्रेटर को मिला नेता प्रतिपक्ष

कांग्रेस ने राजीव चौधरी को सौंपी जिम्मेदारी, लगातार दूसरी बार जाट को जिम्मेदारी



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर में करीब 28 महीने बाद नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। नवंबर 2020 में बोर्ड का गठन होने के बाद से विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष घोषित नहीं किया गया था। ये दूसरा मौका है जब जयपुर नगर निगम में जाट को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। इससे पहले बोर्ड में धर्मसिंह सिंघानिया को नेता प्रतिपक्ष बनाया था। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 100 से जीतकर पार्षद बने राजीव चौधरी को नेता प्रतिपक्ष का दायित्व सौंपा हैं। नियुक्त होने के बाद चौधरी ने कहा- आमजन छोटी-मोटी जनसमस्याओं को लेकर परेशान है। निगम में जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा- नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरी जिम्मेदारी भाजपा बोर्ड की कमियों को उजागर करने के साथ आमजन को राहत पहुंचाने के कार्य को प्राथमिकता से करवाना है। इस मौके पर चौधरी ने महापौर पर निशाना साधते हुए कहा- वे केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जयपुर में धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम में बोर्ड बैठक जल्द हो, ताकि जनसमस्याओं पर पार्षद सदन में चर्चा करें।

## 3 हजार करोड़ की योजना छीनने से खाचरियावास नाराज:मंत्री ने कहा- मेरे डिपार्टमेंट का काम दूसरे को दिया; फिर इस विभाग की जरूरत कहां?

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान के बजट में घोषित सबसे बड़ी फ्री राशन किट बांटने की योजना को लेकर विवाद हो गया है। सरकार ने खाद्य विभाग से इस योजना का काम छीनकर राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (कॉनफैड) को ?दे दिया है। इस पर खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने नाराजगी जताई है। ऐसे में इस मामले में अब विभागीय स्तर पर भी खींचतान के आसार बन गए हैं। खाचरियावास ने कहा- मेरे विभाग का काम किसी दूसरे को दिया जाता है। फिर इस विभाग की जरूरत कहां है? फिर तो बंद कर दीजिए। देखते हैं क्या सिचुएशन बनती है? मैं मुख्यमंत्री से बात करूंगा। खाद्य मंत्री ने कहा- कॉनफैड खुद क्या काम कर रहा है, पहले वह देख ले। ऐसी क्या और किसे तकलीफ हो गई? पहले यह तो पता चले कि समस्या क्या है? योजना का काम पहले तो फूड डिपार्टमेंट में आता है। फिर कॉनफैड को चला जाता है। कॉनफैड के पास जो काम पहले से है।

सिटी पार्क में टिकट लगने के बावजूद जबरदस्त भीड़

# पहले दिन 4200 से ज्यादा विजिटर्स बोले- अच्छा कदम, मेंटेनेंस ठीक होगा

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में गुरुवार से आमजन के लिए एंट्री टिकट की व्यवस्था शुरू हो गई। टिकट से एंट्री के बावजूद पार्क में जबरदस्त भीड़ रही। सुबह 9 से शाम करीब 7 बजे तक पहले दिन पार्क में 4200 से ज्यादा लोगों ने टिकट खरीदकर पार्क में एंट्री ली। भीड़ को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट की भी सुविधा शुरू की है। मोबाइल ऐप या क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पेमेंट किया जा सकेगा। हाउसिंग बोर्ड के इस फैसले को वहां आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स और अन्य विजिटर्स ने भी सही माना। कहा कि इससे पार्क का मेंटेनेंस अच्छे से होगा। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने कहा- एंट्री फीस लगने के बाद भी इतनी बड़ी संख्या में विजिटर्स का आना सच में आश्चर्यजनक है। फीस लगने से पहले सामान्य दिनों में 10 हजार के करीब विजिटर्स यहां आते थे। कुछ लोगों ने पार्क में शाम को वॉक के लिए फ्री एंट्री की मांग की है, लेकिन हमने उनको नॉमिनल फीस के जरिए एंट्री देने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा- इसके लिए हम 999 रुपए का सालाना एंट्री पास बनवा रहे हैं, जो हर रोज 1 रुपए से भी कम है। उन्होंने बताया कि फीस लगाने का हमारा मुख्य उद्देश्य इस खूबसूरत पार्क की सुंदरता को बनाए रखना है। कुछ शरारती तत्व पार्क में आकर पेड़-पौधों और वहां लगे स्कल्पचर को नुकसान पहुंचाते हैं। फीस लगने और पेनाल्टी लगने से इस तरह की घटनाओं को कंट्रोल किया जा सकेगा। हाउसिंग बोर्ड ने पार्क में एंट्री के लिए आज गुरुवार 9 मार्च से 20 रुपए फीस निर्धारित की है। ये फीस 12 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोगों से सुबह 9 बजे बाद एंट्री करने पर ली जाएगी। इसके अलावा यहां प्री-वेडिंग शूट या किसी फिल्म के लिए शूटिंग करते हैं तो उसके लिए भी 10 हजार रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराया निर्धारित किया है।

### पहले दिन 90 हजार रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू

पार्क में विजिटर्स की एंट्री फीस से पहले दिन हाउसिंग बोर्ड को 90 हजार रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिला। कमिश्नर ने बताया कि ये सारा रेवेन्यू पार्क के मेंटेनेंस पर खर्च होगा। उन्होंने बताया कि जिन विजिटर्स को काउंटर पर जाकर या कैश पैसे देकर टिकट नहीं खरीदना है वे सिटी पार्क जयपुर के नाम से बने मोबाइल ऐप या पार्क के चारों तरफ लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके भी पेमेंट करके एंट्री टिकट ले सकते हैं।

# OYO फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता का निधन

**गुड़गांव में 20वीं मंजिल से गिरकर गई जान, 3 दिन पहले ही रितेश की शादी हुई है**

**गुड़गांव।** हॉस्पिटैलिटी चेन OYO के फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता का गुड़गांव की एक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग की 20वीं मंजिल से गिरने से निधन हो गया है। रितेश के पिता का नाम रमेश अग्रवाल था। वो अपने घर की बालकनी से ही गिरे थे। हादसे के वक्त घर के अंदर उनका बेटा रितेश अग्रवाल, बहू और रमेश अग्रवाल की पत्नी भी मौजूद थीं। रितेश ने खुद पिता के निधन की जानकारी दी। तीन दिन पहले ही रितेश अग्रवाल और फार्मेशन वेंचर्स की डायरेक्टर गीतांशा सूद की शादी हुई थी। उस समारोह में सॉफ्टबैंक समेत कई बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स से जुड़ी हस्तियां शामिल हुई थीं।

### रमेश अग्रवाल 20वीं मंजिल से गिर गए थे

रिपोर्ट्स के मुताबिक, रमेश अग्रवाल 20वीं मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए थे। ईस्ट गुड़गांव के उ्रूढ ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी लगभग एक बजे मिली। पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि रमेश अग्रवाल की 20वें फ्लोर से गिरने की वजह से मौत हो गई है। वो उ्छत्रह्र क्रिस्टा सोसायटी में रहते थे। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परिजन को सौंप दिया गया है। रितेश अग्रवाल ने कहा, 'भारी मन से मेरा परिवार और मैं यह शेयर करना चाहता है कि हमारे मार्गदर्शक मेरे पिता रमेश अग्रवाल का 10 मार्च को निधन हो गया है। उन्होंने एक पूर्ण जीवन जिया और हम सभी को प्रेरित किया।' 'उनकी मृत्यु हमारे परिवार के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।




अपना शहर
गरीबों का सितारा
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शनिवार, 11 मार्च, 2023


पूर्वानुमान> 23°

| | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 30°c | 30°c | 33°c | 32°c |
| न्यूनतम> | 15°c | 18°c | 14°c | 18°c |

# उपनयन संस्कार कार्यक्रम में 271 बटूकों ने की जनेऊ धारण







गरीबों का सितारा

**जयपुर, महेश शर्मा ।** खाण्डल ब्राह्मण समाज के द्वारा शुक्रवार को सामुहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुए कार्यक्रम में खाण्डल विप्र समाज के 271 बटुकों का उपनयन संस्कार हुआ।इस दौरान सभी बटुकों ने भिक्षा मांगी। बटुकों के वस्त्र से लेकर पूजा की पूरी सामग्री की व्यवस्था खांडल विप्र कल्याण ट्रस्ट के द्वारा समाज के लोगों के सहयोग से की गई। आचार्य पं. नारायण शास्त्री ने बटुकों को मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवीत धारण करवाते हुए इसकी उपयोगिता व नियमों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनेऊ धारण करना व इसके नियमों पर दृढ़तापूर्वक चलना प्रत्येक ब्राह्मण का नैतिक कर्तव्य है।उपनयन संस्कार के दौरान बटुकों की तेल हल्दी की रस्म के साथ ही मंडप पूजन की विधि की गई। आचार्य ने उपनयन संस्कार के बारे में बताते हुए ब्रह्मचर्य का महत्व बताया और गायत्री मंत्र के साथ ही दीक्षा दी। एक साथ 271 बटुकों का भ्रमण आकर्षण का केंद्र रहा। उनके वापस आने के बाद बटुकों के परिजन ने उनका स्वागत किया। बटुकों ने भी भिक्षाम देही.. के स्वर के साथ गुरु-शिष्य परंपरा के तहत भिक्षा भी मांगी। इसमें उनके परिजन और उपस्थित लोगों ने उन्हें नए वस्त्र, शगुन की राशि सहित अनेक उपहार दिए। आचार्य ने बताया कि सभी संस्कारों से उपनयन संस्कार सबसे महत्वपूर्ण होता है।इससे जीवन में अनुशासन आता है और धर्म की शिक्षा भी मिलती है। आचार्य का साथ अन्य पंडितों ने भी दिया। खाण्डल विप्र समाज के 271 बटुको का उपनयन संस्कार समारोह बड़ी धूमधाम से हुआ जिसमें समाज के हजारों स्त्री पुरुषों ने भाग लिया।रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज एंव हातौज धाम पीठाधीश्वर बालमुकुन्दाचार्य ने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विधानसभा सचिव महावीर शर्मा मुख्य अतिथि थे।इस अवसर पर खाण्डल विप्र महासभा अध्यक्ष मोहनलाल बोचीवाल, पुर्व महासभाध्यक्ष मुरारी लाल गौरसिया, जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बीलवाल मुख्य यजमान थे।

**भिक्षा मांगने के साथ मिला गुरुमंत्र और परिजन उपस्थित रहे**

## पंचाग

**दिनांक:-11मार्च 2023 शनिवार**
**विक्रम संवत2079चैत्र कृष्ण पक्ष**

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी | 22:05:12 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | चित्रा | 07:09:59 |
| योग | ध्रुव | 19:49:34 |
| करण | बव | 09:56:53 |
| करण | बालव | 22:05:12 |
| चन्द्र राशि | तुला | |
| सूर्य राशि | कुम्भ | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | 06:42:19 | |
| सूर्यास्त | 18:31:62 | |
| चंद्रोदय | 22:06:42 | |
| चंद्रास्त | 08:46:52 | |
| राहू काल | 09:40-11:08 | |
| अभिजित | 12:14-13:01 | |
| शुभ चोघडिया | | |
| शुभ | 08:11-09:40 | शुभ |
| चर | 12:37-14:06 | शुभ |
| लाभ | 14:06-15:34 | शुभ |
| अमृत | 15:34-17:03 | शुभ |



**चैत्री चतुर्थी व्रत:-आज**
**श्रीरंगपंचमी :-कल**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता...

# जयपुर-कोटा टीमों के मध्य होगा राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल

## जयपुर की जीत में कुशाग्र ओझा, रोहन सिंह, यथार्थ भारद्वाज व आर्यन गुर्जर चमके

### कोटा की जीत में एकांश शर्मा, कुशाल राठौर, आयुष कुमार, अजय डाबी, आराधय अग्रवाल व आदर्श चमके





गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जयपुर-राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के आज जयपुर में खेले गए सेमीफाइनल मैचों में जयपुर व कोटा जिला टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहला मैच जयपुर जिला - सीकर जिला (जयपुर जिला टीम जीती) के बीच हुआ।जयपुर पारी 457/9 ।जयपुर टीम के बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 457 रनो का विशाल स्कोर बनाया , टीम के लिए कुशाग्र ओझा ने शानदार शतकीय पारी खेली व रोहन सिंह ने शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन किया। कुशाग्र ओझान 146, रोहन सिंह 73, यथार्द्ध भारद्वाज68, अलसैफ अली 67, ओसनिक ग्रोवर 34 व पराक्रम सिंह 30 रनो की पारियां खेली।सीकर के गेंदबाज दिव्यांशु काशांवल 80/3, अनुभव चौधरी 12 / 2 व हेमंत फेनिन 52/2 विकेट प्राप्त किये। सीकर पारी, 178/10 लक्ष्य का पीछा करते हुए सीकर टीम 178 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए दिव्यांश सिंह शेखावत 57 , दर्शन पचार 29 व प्रदीप 29 रनो का योगदान दिया। जयपुर के गेंदबाज आर्यन गुर्जर 24 / 5 , रोहन सिंह 20 / 3 , अथर्व सिंह 29 / 1 व फलक भोकाल 57 / 1 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को जीत दिलाई। दूसरा मैच : कोटा-हनुमानगढ़ जिला टीमों के मध्य (कोटा जिला टीम जीती) कोटा पारीः 190 / 7 टीम के लिए आयुष कुमार 35 , अजय डाबी 33 , आराधय अग्रवाल 30 व शिवराज 21 रनो का योगदान दिया। हनुमानगढ़ के गेंदबाज समीर 30 / 2 व प्रिंस , अभिज्योत व पुनीत प्रत्येक 1 - 1 विकेट प्राप्त किये। हनुमानगढ़ पारी = 95 / 10 टीम के लिए केवल राहुल 64 रनो का योगदान दिया। कोटा के गेंदबाज एकांश शर्मा 18/5, किुशाल राठौर 17 / 3 व आदर्श गोचर 19 / 2 विकेट प्राप्त करते हुए टीम को जीत दिलाई।

# विद्युतकर्मी यशपाल सैनी की हुई मौत को लेकर विद्युत कर्मियों ने दिया धरना, किया प्रदर्शन



गरीबों का सितारा

**जैतपुरा / चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** 11हजार केवी लाइन का इंसुलेटर ठीक करते समय करंट आने से गुरुवार को विधुतकर्मी लाइनमैन यशपाल सैनी की हुई मौत की उच्च स्तरीय जांच करवाने, दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाने, एवं मृत कर्मचारी के आश्रितों को 50 लाख का तुरंत मुआवजा दिलवाने को लेकर शुक्रवार को जैतपुरा स्थित पावर हाउस पर सैकड़ों विद्युत कर्मियों ने धरना दिया ' धरने को जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ जयपुर जिला वृत्त के अध्यक्ष हेमचंद सैनी, इंटक प्रदेश महामंत्री राम अवतार स्वामी और इंटक के प्रदेश सचिव पवन डूडी ने संबोधित किया ' इस दौरान धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी से मौके पर ही बात की एवं दोषी अधिकारी को निलंबित करवाया।साथ ही पूर्व विधायक सैनी ने ऊर्जा मंत्री भाटी बात कर घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाने व मृतक के आश्रितों को सरकार द्वारा उचित सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही।

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर का दीक्षान्त समारोह आयोजित




**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि आयुर्वेद संपूर्ण जीवन विज्ञान है और यह स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ ही रोग से मुक्ति में भी अत्यन्त प्रभावी है। राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनिर्मित सुश्रुत सभागार में संबोधित कर रहे थे ।राज्यपाल ने इस अवसर पर सुश्रुत सभागार का लोकार्पण भी किया।राज्यपाल ने आयुर्वेद के ज्ञान पर आधुनिक दृष्टि से शोध की आवश्यकता पर सर्वाधिक बल देते हुए कहा कि ‘रोग निदान’ का जो सिस्टम आयुर्वेद में है, वह अन्यत्र किसी विज्ञान में नहीं है। आयुर्वेद विज्ञान से जुड़े प्राचीन ज्ञान का आधुनिक संदर्भों में अधिकाधिक शोध कर हमें आगे बढाऩे की जरूरत है।उन्होंने कहा कि कोविड के विकट दौर में आयुर्वेद की हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति से रोगोपचार को विश्वभर में मान्यता मिली थी।

**नाड़ी परीक्षण ज्ञान पर अध्ययन करें :** राज्यपाल श्री मिश्र ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे रोग परीक्षा एवं रोग निदान के लिए आयुर्वेद के नाड़ी परीक्षण ज्ञान को आत्मसात करें और आधुनिक संदर्भों में गहराई से उसका अध्ययन करें। उन्होंने आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयुष शिक्षण एवं अनुसन्धान के क्षेत्र के अंतर्गत गिलोय पर किये गये शोध-कार्य को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्रदान करने को गौरवपूर्ण बताते हुए प्रसन्नता जाहिर की । उन्होंने कहा कि इन्टर डिसिप्लीनरी लर्निंग के अंतर्गत आयुर्वेद विद्यार्थियों को विभिन्न ज्ञान स्त्रोतों से रूबरू करवाने के लिए भी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों से अधिकाधिक जुड़कर कार्य करें।उन्होंने कहा कि इस सबंध में जोधपुर आईआईटी, एम्स, कृषि विश्वविद्यालय आदि से सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर के साथ कार्य होना अच्छी पहल है। राज्यपाल ने भगवान धन्वन्तरि से लेकर महर्षि सुश्रुत, चरक, वाग्भट, नागार्जुन इत्यादि आयुर्वेद के महान आचार्यों की देन का जिक्र करते हुए कहा कि नवीन तकनीक के जरिए आयुर्वेद ज्ञान के आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में उपयोग की संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अधिकाधिक कार्यों की जरूरत है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि स्वास्थ्य प्रहरी के नाते आयुर्वेद और आयुष पद्धतियों के माध्यम से देश और प्रदेशवासियों की स्वास्थ्य-सेवा पूर्ण मनोयोग से करने का संकल्प लें।

**आयुष विकास के लिए सरकार हरसंभव प्रयासरत**

विशिष्ट अतिथि आयुष राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट 2023-24 में आयुष के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र को बहुत करीब से देखते हुए इसके समग्र विकास के लिए निरन्तर प्रयास जारी हैं। आयुष मंत्री ने कहा कि आईआईटी संस्थानों की तरह ही प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पुस्तकालय और प्रयोगशालाएं चौबीस घंटे खुली रहनी चाहिए, ताकि शिक्षा के द्वार हमेशा खुले रहें। समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व कुलपति प्रो.बनवारीलाल गौड़ ने दीक्षान्त-भाषण देते हुए आयुर्वेद को आज के युग एवं समय की मांग बताते हुए कहा कि आयुर्वेद द्वारा दी जाने वाली शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय सुविधा आज विश्व में विख्यात हो रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दीक्षान्त समारोह में 942 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करने के साथ ही 6 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक से सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कार्यक्रम के आरंभ में संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। इनमें आयुर्वेदिक फोर्मूलरी ऑफ यूनिवर्सिटी फॉमेर्सी, आयुर्वेद परिचय एवं सिद्धान्त तथा धनंजय आयुर्वेद संग्रह के साथ ही स्टूडेन्ट स्किल डवलपमेंट मॉड्युल की तीन पुस्तकें (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रोफेशनल) सम्मिलित हैं।

# 21 मार्च को हिन्दू नव वर्ष भगवा रैली का होगा आगाज



गरीबों का सितारा

**चौमूं ( सुनील कुमार पाराशर)।** शहर के जयपुर रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में हिंदू रक्षक दल द्वारा हिंदू नव वर्ष को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया ' जिसमें आगामी 21 मार्च 2023 को हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर विशाल हिंदू नववर्ष भगवा रैली का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है ' हिन्दू रक्षक दल के राजेश गोरा ने बताया कि आगामी 21 मार्च को हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रैली में विशाल हिंदू नव वर्ष भगवा रैली के आयोजन का निर्णय लिया गया है ' जिसमें सभी राजनीतिक दल, सामाजिक संघटन,व्यापारी गण, सभी समाज बंधुओ एवं अनेक हिन्दू संघठनों की भागीदारी होगी ' मीटिंग में सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चौमूं में पहली बार विशाल आयुर्वेद कैंप के साथ साथ सेवानिवृत्त आयुर्वेद आचार्यों के सम्मान में

## आयुर्वेदाचार्य सम्मान समारोह एवं मेगा आयुर्वेद सेमिनार का होगा आयोजन

### रविवार 26 मार्च को होगा आयोजन

### जयपुर,सीकर,अजमेर, दौसा सहित अनेक जिलों के सेवानिवृत आयुर्वेदाचार्य का होगा सम्मान



गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** सर्व सिद्ध आयुर्वेदा चोमूं के तत्वावधान में आगामी 26 मार्च 2023 रविवार को शहर के रेनवाल रोड स्थित पारीक भवन में पहली बार सेवानिवृत्त आयुर्वेद आचार्यों के सम्मान में आयुर्वेदाचार्य सम्मान समारोह एवं मेगा आयुर्वेद सेमिनार का आयोजन होने जा रहा है ' सर्व सिद्ध आयुर्वेदा के निदेशक वैद्य सत्य प्रकाश पारीक "राजभाषी" ने बताया कि आयुर्वेद पद्धति को ऊपर उठाने के लिए ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है ' उन्होंने आगे बताया कि सम्मान समारोह में जयपुर, सीकर, अजमेर, दोसा सहित आसपास के अनेक जिलों से अब तक जितने भी सेवानिवृत्त आयुर्वेदाचार्य है उन सभी के सम्मान में इस समारोह का आयोजन रखा गया है ' साथ ही नई जनरेशन को "जंकफूड एवं फास्ट फूड" से कैसे बचाया जाए इस बिंदु पर आयुर्वेद कार्यशाला के रूप में सेमिनार का भी आयोजन रखा गया है ' साथ ही उन्होंने बताया कि लोगों की मांग है कि इतने अनुभवी और वयोवृद्ध आयुर्वेदाचार्य के इकट्ठे होने पर रोगों का निदान होना भी आवश्यक है इसलिए आयुर्वेदाचार्य सम्मान समारोह के साथ साथ आयुर्वेद कैंप का भी आयोजन किया जाएगा 'कार्यक्रम को लेकर आगामी बुधवार को समारोह का पोस्टर विमोचन कार्यक्रम भी रखा गया है।

# राज्य सड़क विकास निधि प्रबंध के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक - राजस्थान सड़कों पर ब्लैक स्पॉट दुरूस्त करने में देश में अग्रणी - सार्वजनिक निर्माण मंत्री

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण मंत्री श्री भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में राजस्थान राज्य सड़क विकास निधि प्रबंध के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त करने में पूरे देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि विभाग गैर सरकारी संस्थाओं से भी सुझाव लेकर सड़क तंत्र को और मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है। श्री जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार विभाग राज्य में सड़क तंत्र को सुरक्षित और बेहतर करने का काम प्रमुखता से कर रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के गांवो तक सड़कों के किनारे साइन बोर्ड्स लगाकर वाहन चालकों को सुविधा प्रदान करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री वैभव गालरिया ने कहा कि राज्य सड़क विकास निधि का उपयोग राज्य की सड़कों के विकास पर किया जाएगा एवं सड़कों के विकास के लिए उत्तरदायी विभागों को यह बोर्ड निधियां आवंटित कर सकेगा।



श्री गालरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण मंत्री के निदेर्शानुसार प्रदेश में सड़कों का निर्माण सतत एवं त्वरित गति से चल रहा है।शासन सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग श्री चिन्न हरी मीणा ने कहा कि वाहन चालकों की सुरक्षा की दृष्टि से राज्य की सड़कों पर निर्धारित मानकों के आधार पर स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहें है और सड़कों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था के लिए रोड़ लाइट लगाई जा रही है।मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग श्री संजीव माथुर ने बताया कि समय-समय पर राज्य में सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारी दौरे कर रहे हैं और मौके पर प्राप्त अनियमितताओं का त्वरित गति से समाधान कर रहे हैं। बैठक में उपस्थित बोर्ड के सदस्यों द्वारा सड़कों के करीब विभाग की जमीन का प्रयोग कर सुनियोजित ढंग से पार्किंग की व्यवस्था, धार्मिक स्थलों से जुड़ने वाली सड़कों पर पैदल यात्रियों के लिए विशेष प्रबंध सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिए गए। बैठक में बोर्ड के सदस्यों सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### जयपुर में आयोजित होगा सम्मान नारीत्व का 33 महिला शक्ति सम्मानित होगी एक मंच पे

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** शहर में 12 मार्च को महिला शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया किया जायेगा। जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ दैवीय शक्तियाँ निवास करती हैं । इस कथन की सार्थकता हेतु आधुनिक युग में श्री बाबा बालकनाथ सेवासंस्थान के तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर कलात्मक, सामाजिक क्षेत्रों में संघर्ष से सफलता के सफर पर प्रगतिशील महिलाएँ और प्रेरणादायक व्यक्तित्व जिन्होंने समाज व अपने स्थानीय परिवेश की गरिमा को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचाया है, उन सबका सम्मान समारोह होने जा रहा है ।कार्यक्रम की संयोजिका ऋतु अग्रवाल ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान से अधिक उनकी प्रतिभा व कलात्मक व्यक्तित्व को प्रदर्शित करना है जिसकी आज समाज को आवश्यकता है क्योकि कुशल होना अनिवार्य है लेकिन उस कुशलता को निखारना और अमल लाना बहुत महत्वपूर्ण है ।ये सम्मान नारीत्व का कार्यक्रम समाज को नई दिशा प्रदान करें, यही कामना है।। इस कार्यक्रम में संरक्षक बालमुकुद आचार्य हाथोज धाम महाराज शिरकत करेंगे और अपना आशीष वचन देते। ऋतु अग्रवाल की संस्था मुख्य रूप से दिव्यांगो के उत्थान के लिए कार्य करती है वो एक फैशन शो भी आयोजित करती है जो मुख्य रूप से दिव्यांगो के लिए होता है। जो एक अनुकरणीय उदाहरण है।



### बिरनाले परिवार के सौजन्य से जरूरतमंदों को करवाया भोजन




गरीबों का सितारा

**कुचामनसिटी।** कृषि मंडी परिसर एवं पुराने बस स्टैंड पर लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा संचालित इंदिरा रसोई में शुक्रवार को दोनों समय का भोजन मिठाई के साथ चार सौ से अधिक लोगों को मुंबई निवासी गौरव काजल बिरनाले के सौजन्य से करवाया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा बताया भूखे को भोजन कराना सभी धर्मों में श्रेष्ठ सेवा कार्य माना गया है इसी को देखते हुए लोगों द्वारा अपने जीवन के विशेष अवसरों पर यहां जरूरतमंदों को भोजन कराने का नेक कार्य किया जा रहा है जो अनुकरणीय है तथा आज का पुनीत कार्य जिसमें राज्य सरकार का अनुदान भी नहीं लिया गया इसके लिए संस्था बिरनाले परिवार का आभार व्यक्त करती है। गौरव काजल बिरनाले ने बताया इस तरह के सेवा कार्यों में सहयोग करने से दिल को सुकून मिलता है। रसोई प्रभारी लॉयन रचित नंदवाना ने बताया रसोई की स्वच्छता के साथ भोजन की शुद्धता एवं पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखा जाता है जिससे यहां पर भोजन करने वालों को घर के भोजन जैसा अहसास हो।

### चरागाह भूमि से हटाया अतिक्रमण, भविष्य में फिर से अतिक्रमण नहीं करने को लेकर किया पाबंद



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत कोलीवाडा में शुक्रवार को माननीय उच्च न्यायालय जयपुर के आदेश पालना में जाँच कर ग्राम कोलीवाड़ा, पटवार हल्का कोलीवाड़ा तहसील राहुवास के खसरा न. 185, 242/190, 253/193 पर खेती कर अतिक्रमण पाया गया। जहां जाँच उपरांत अतिक्रमियों को नोटिस द्वारा अतिक्रमण हराने को लेकर 7 दिवस का समय दिया गया। अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर शुक्रवार को तहसीलदार राहुवास, पटवारी हल्का कोलीवाडा गिरदावर कोलीवाड़ा मय जाप्ता पंचायत कोलीवाडा द्वारा उपलब्ध करवाए गए। संसाधन उपस्थित हुए म अतिक्रमण गेहूं व सौंफ की फसल को हटाया गया। भविष्य में अतिकर्मियों द्वारा अतिक्रमण नहीं करने को लेकर पाबंद किया गया। सभी सचिव ग्राम पंचायत कोलीवाडा को भविष्य में भूमि की मेडबंदी का चरागाह विकसित करने में वापस अतिक्रमण नहीं होने देने को लेकर पाबंद किया गया। । मौके पर मौजूद सभी ग्राम वासियों को पर्ची पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, राहुवास तहसीलदार कुलदीप मीणा, कृष्णा सैनी , पटवारियों सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

### 1 दिन के बच्चे के लिए रक्त दान कर दिया जीवनदान

गरीबों का सितारा

**सीकर।** राष्ट्रीय खटीक रक्तकोश फेडरेशन टीम आरकेआरफ के नियमित रक्त दाता रक्त मोटीवेटर आकाश पंवार ने बताया नीरजा हॉस्पिटल सीकर मे भर्ती 1 दिन का मासूम बच्चा है जिसके लिए अर्जेंट मे बी नेगेटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ने पर सीकर मे किसी भी ब्लड बैंक मे उपलब्ध ना होने के कारण परिजनों द्वारा व्यवस्था नही हो पाने के कारण परिजनों ने रात 12 बजे नियमित रक्तदाता आकाश पंवार से संपर्क किया आकाश पंवार ने विकास सामरिया को काल के माध्यम से सूचना देते ही रात 12 बजे विकास सामरिया मितल ब्लड बैंक पहुंच कर अपने जीवन का पांचवा रक्तदान किया इस दौरान मित्तल ब्लड के रमेश , पुखराज भंवर सिंह ,विजय सैनी, दिनेश नागा,आदि उपस्थित रहे।



# राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित

## समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती अर्चना शर्मा ने फीता काटकर किया छात्रसंघ का उद्घाटन

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** शहर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को छात्रसंघ कार्यालय उद्घाटन एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ.कविता गौतम के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया ' समारोह की मुख्य अतिथि एवं छात्रसंघ कार्यालय की उद्घाटन कर्ता समाज कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना शर्मा रही ' समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक भगवान सैनी ने की ' समारोह में विशिष्ट अतिथि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा मील एवं चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी रहे ' इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष प्रियंका दुलारिया, उपाध्यक्ष रेशम सैनी एवं महासचिव संतोष चौधरी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर व तिलक लगाकर किया। तत्पश्चात समारोह की मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता श्रीमती अर्चना शर्मा ने छात्रसंघ कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया ' उद्घाटन के इस मौके पर आगंतुक अतिथियों ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को सीट पर बैठाकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं आशीर्वाद प्रदान किया ' तत्पश्चात अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ कविता गौतम, दीपाली जैन, राजेंद्र कुमार, छात्रसंघ परामर्शदाता मीनाक्षी जैन एवं संकाय सदस्यों ने आगंतुक अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर समारोह में ऐसा समां बाँधा की सबका दिल जीत लिया ' तत्पश्चात छात्रसंघ अध्यक्ष प्रियंका दुलारिया ने मंच के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए' इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह की विशिष्ट अतिथि डॉ. शिखा मिल ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को शिक्षा के प्रति अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया। पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही ' समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सशक्त, निडर रहने उच्च पदों पर पर पहुंचने हेतु प्रेरित किया एवं राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के उद्देश्य पर प्रकाश डाला ' समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं छात्रसंघ पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं छात्र संघ कार्यालय के उद्घाटन की विधिवत घोषणा की। इस मौके पर आगंतुक अतिथियों द्वारा छात्रसंघ पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय में सत्र-2020-20 में 29, सत्र-2021-22 में 60 अकादमिक पुरस्कार एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों हेतु 114 छात्राओं को कुल 215 पुरस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं व्याख्याताओं सहित अभिभावक गण एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही ' समारोह में मंच संचालन डॉ वंदना उपाध्याय एवं शाहिना परवीन ने किया।





### उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## जल जीवन मिशन की योजना क्रियान्वयन न होने पर ग्रामीण में दिखा रोष

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** केन्द्र सरकार की योजना का ब्यावर के जलदाय विभाग के अधिकारी धत्ता बतानें में लगे हुए हैं। जवाजा पंचायत समिति के बलाड़ ग्राम पंचायत की गड्डी गांव निवासियों को जून जैसी गर्मी में पीने के पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। महिलाओं को दो-दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि विभाग के अधिकारियों ने कुछ प्रभावशाली लोगों के यहां पीने के पानी की पाईप लाईने घरों तक बिछवाकर हर घर पानी - हर घर नल की योजना को साकार किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रसून शुक्ला ने बताया कि ग्राम गड्डी थोरियान व बाड़ी घाटी, में जल जीवन का मिशन की योजना क्रियान्वित नही होने के परिणाम स्वरूप उक्त क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है।यह रोष शुक्रवार को देखने को मिला। जानकारी के अनुसार गड्डी थोरियान एवं बाड़ी घाटी में स्थित 100 घरों की बस्ती में जीवन की मूल सुविधा पीने का पानी ही उपलब्ध नहीं है कई बार सरपंच श्रीमती सुनीता चौधरी के द्वारा भी जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, पर आज तक सांत्वना के अलावा कुछ प्राप्त नही हुआ साथ ही आज एक वर्ष पूर्व माननीय सांसद महोदय द्वारा गड् ?डी ग्राम में जल जीवन की शुरूआत करते हुए पीएचडी अधिकारियो ने ग्रामीणो से एक महीने के अन्दर सभी घरो में कनेक्शन (जल) की बात कही थी। परन्तु आज भी वही ढाक के तीन पात नजर आ रहा है। श्री शुक्ला ने बताया कि जल के अभाव में ग्रामीणों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसी को मध्य नजर रखते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को ब्यावर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, इस पर आईएएस उपखण्ड अधिकारी मृदुल सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर हिदायत देते हुए दिशा निर्देश प्रदान किये कि वह उक्त गांव में पहुँचकर समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलायें। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं के साथ बलाड़ ग्राम पंचायत के पंच व वार्ड पंच मौजूद थे और सरपंच पति जसवन्त सिंह बाना ने भी ग्रामीणो की समस्या को लेकर उपखण्ड अधिकारी को जानकारी दी।





## दांतारामगढ़ विधानसभा क्षैत्र के रलावता गांव से हुआ बूथ संपर्क यात्रा का शुभारंभ





गरीबों का सितारा

**सीकर (विनोद धायल)।** भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ सीकर के तत्वाधान में दांतारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बूथ सम्पर्क यात्रा का शुभारंभ आज रलावता ग्राम पंचायत से हुआ। यात्रा संयोजक राजेंद्र सिंह धीराजपुरा ने शक्तिपीठ मां जीण भवानी के आगे शीश नवाकर व पूजा अर्चना करके इस यात्रा की शुरूआत की। इस अवसर पर रलावता ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 71,72,73,74,75,76 पर सम्पर्क किया गया एवं बूथ अध्यक्ष, बूथ कार्यकारिणी,वरिष्ठजनों व नवमतदाताओं का सम्मान किया गया तथा स्थानीय जन समस्याओं की जानकारी ली । यात्रा के संयोजक राजेन्द्र धीरजपुरा ने कहा कि बूथ सम्पर्क यात्रा का उद्देश्य मेरा बूथ सबसे मजबूत की अवधारणा के तहत भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के प्रयास किये जायेंगे और बूथ स्तर की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए सक्षम स्तर पर प्रयास किया जायेगा।इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री बाबूलाल हलदुनिया, भाजपा जीणमाता मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र पाराशर, लवसिंह मंढ़ा, बूथ अध्यक्ष भंवरसिंह शेखावत, बजरंग सिंह, रोहिताश्व कुमावत, द्वारका प्रसाद कुमावत, रामचन्द्र सेसमा, दीपसिंह शेखावत, देवकीनन्दन शर्मा, राजकुमार खटीक,गणपत सोनी सहित बूथ कार्यकारिणी के सदस्य, वरिष्ठ कार्यकर्ता व नवमतदाता उपस्थित थे।

### चोरों ने मोबाइल की दुकान को बनाया निशाना

गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** कस्बे के नया बस स्टैंड स्थित पंचमुखी मंदिर के पास बीती रात्रि को मोबाइल की दुकान से अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित दुकानदार रवींद्र पुत्र पप्पू राम मीणा निवासी बहरोड ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया कि उसकी दुकान पंचमुखी मंदिर के पास स्थित है। जिसमें बीती रात्रि को दुकान के पीछे से गेट तोड़कर मोबाइल संबंधित समान चुरा ले गया। जिसकी जानकारी अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर लगी। पुलिस इस विषय में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर चोरों की तलाश कर रही है।





## नवीन सड़क का किया शिलान्यास

### प्रभारी मंत्री रावत और लक्ष्मणगढ़ विधायक डोटासरा ने बगड़िया स्कूल से सिंगोदड़ा बाईपास तक की नवीन सड़क का किया शिलान्यास

गरीबों का सितारा

**सीकर।** उद्योग, वाणिज्य, राजकीय उपक्रम, देवस्थान मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री शकुंतला रावत, लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को बगड़िया स्कूल से सिंगोदड़ा बाईपास तक की एक करोड़ 14 लाख रुपए की राशि की नवीन सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक फतेहपुर हाकम अली, बीसूका उपाध्यक्ष सुनीता गठाला, चेयरमैन नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ हाजी मुस्तफा कुरैशी, प्रधान पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़ मदन सेवदा, प्रधान पंचायत समिति खंडेला गिरीराज सिंह, सुरेश कुमावत माटी कला बोर्ड सदस्य सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## डाबरी के खोला में अष्टभुजी दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम का आयोजन हुआ

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रामगढ के डाबरी गांव से भव्य कलश यात्रा के साथ सैकड़ों की तादाद में महिलाएं बच्चे और बच्चे पुरुष युवा कलश यात्रा में शामिल हुए माता रानी के उद्घोष करते हुए माता रानी की कलश यात्रा के शुभारंभ की गई जिसका विधि विधान से पूजन हवन कर माता रानी को स्थापित किया गया निर्मल सूरा प्रदेश अध्यक्ष हिंदू वाहिनी एवं प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय ओड महासभा जिला प्रभारी भारतीय जनता किसान मोर्चा ने अवगत करते हुए बताया कि माता रानी के भक्ति में ही शक्ति है दुष्ट आत्माओं का माता रानी संहार करती है और भक्तों को आशीर्वाद देती है उनके कष्ट हरती है हम सब सनातन धर्म से जुड़े हैं हमारा फर्ज है सनातन धर्म को सुरक्षित रखना अपने परिवार में बच्चों में सनातन धर्म की पूजा करना ही हमारा धर्म है माता रानी को हर वर्ष में दो बार नवरात्रि आते हैं हमारी माताएं सभी नवरात्रि का अष्टमी और नवमी को पूजन करती है हलवा प्रसादी देकर उनका आदर सम्मान कर कन्याओ का पूजन किया! माता वैष्णो के मंदिर को क्षति पहुंचाने के लिए अकबर ने कई बार प्रयास किए किंतु माता रानी को क्षति नहीं पहुंचा पाए! अंत में अकबर ने हीं सोने का छत्र माता रानी की के दरबार में चढ़ाया मुबारकपुर दुकानों पर कार्यकर्ताओ का निर्मल सूरा ने भगवा दुपट्टे पहना कर भगवा किया आगाज ! मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।






गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार की भारत की मांग जायज

विश्व की जरूरतों को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र के सांगठनिक ढांचे में तत्काल सुधार आवश्यक है। भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र में रिफॉर्म की मांग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का गठन 1945 में हुआ था, तब से अब तक लगभग सात दशक में विश्व में बहुत कुछ बदल चुका है, वैश्विक चुनौतियां बदल चुकी हैं, वैश्विक पावर सेंटर में परिवर्तन आ चुका है, वैश्विक मुद्दों पर देशों के नजरिये में बदलाव आ चुका है, ग्लोबल जियो पॉलिटिक्स में काफी बदलाव आ गया है, ऐसे में वक्त की मौजूदा जरूरत के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र में अविलंब सुधार किया जाना चाहिए। वैश्विक आकांक्षाओं की लंबे समय से अनदेखी के चलते संयुक्त राष्ट्र धीरे धीरे अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। इसलिए भारत, जापान, जर्मनी, ब्राजील जैसे देशों की जायज मांगों पर गौर किया जाना चाहिए। भारत ने मांग की है कि संयुक्त राष्ट्र के मंच पर विकासशील देशों और गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाज को उचित स्थान दिलाने के लिए इस विश्व निकाय की सुरक्षा परिषद की स्थायी और गैर-स्थायी श्रेणियों में विस्तार 'बेहद आवश्यक' है। दोनों श्रेणियों का विस्तार सुरक्षा परिषद के निर्णय लेने की गति को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप लाने का एकमात्र तरीका है। अंतरसरकारी वार्ताओं (आईजीएन) पर पूर्ण अनौपचारिक बैठक में भारत ने कहा है कि 'हमें एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाती हो। एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है, जहां विकासशील देशों और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया तथा प्रशांत क्षेत्रों की व्यापक आबादी सहित गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाजें अपना उचित स्थान पा सकें।' यह पहली बार नहीं है जब भारत ने यूएन की सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता में विस्तार की बात उठाई है। 15 देशों की सदस्यता वाली सुरक्षा परिषद में फिलहाल 5 स्थायी सदस्य - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका और 10 निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं, जिनकी गैर-स्थायी सदस्यता दो साल के लिए होती है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया है। भारत और जी-4 के अन्य तीन देशों- ब्राजील, जर्मनी और जापान ने बार-बार कहा है कि आईजीएन में खुलेपन और पारदर्शिता की कमी है। ग्रुप-4 इस बात पर सहमत हैं कि सुरक्षा परिषद के आकार को और अधिक वैध और प्रतिनिधि-परक बनाने के लिए इसका विस्तार किया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद के एजेंडे में सांगठनिक रिफॉर्म ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर सात दशकों से अधिक समय से चर्चा नहीं हुई है। विश्व में अनेक मुद्दे हैं, जो केवल स्थाई सदस्यों के भरोसे हल नहीं हो सकतते हैं, इसके अलावा पांचों स्थायी सदस्यों के वैश्विक लक्ष्य व प्राथमिकताएं भी अलग -अलग हो चले हैं, ऐसे में किसी मुद्दे पर सभी का एक सुर में आना मुश्किल हो रहा है। इसका हल यह है कि या तो स्थाई सदस्यता जैसे प्रावधान खत्म कर दिए जाएं और बहुमत से वैश्विम मुद्दों पर फैसला हो। या फिर स्थाई सदस्यता का विस्तार हो और ग्रुप-4 देशों को शामिल किया जाय। विश्व के सभी क्षेत्रों से यूएन में स्थाई प्रतिनिधित्व होना चाहिए। यूएन में सुधार की भारत की मांग जायज है और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

# वो ही पत्ते हवा देने लगे......



जिरहनामा
कनक तिवारी

दुनिया में सबसे बहुसंख्यक हिन्दुस्तानी लोकतंत्र पचहत्तर बरस का बुज़ुर्ग हो गया है। सरकारी गुरूर और जनता को ग़फ़लत है कि यह आज़ादी का अमृतवर्ष है। हालांकि मौजूदा दौर में हर नागरिक आज़ादी हासिल करने सबसे कठिन पशोपेश में है। नागरिक आज़ादी के भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य, भाईचारा जैसे तमाम अनिवार्य मानकों पर भारतीय जीवन नीचे ही फिसल रहा है। यह अलबत्ता है कि इसके बावजूद अवाम में जीने का उद्दाम, जिजीविशा और उसकी लालसा कम नहीं है। वह पहले भी मुश्किलों में जीने का अनुभवी क्या आदी रहा है।

भारतीय अब भी मुकाम तक पहुंचने पूरी मुस्तैदी के साथ आगे बढ़ने हौसलामंद हैं, लेकिन हाशिए पर धकेले जाते हैं। हासिल कुछ हो, न हो नतीजा तो कुछ निकले। दरअसल जिनके मजबूत कांधों के भरोसे लोकतंत्र की इमारत तामीर की गई, उनकी ही चूलें हिल रही हैं। राष्ट्रपति, संसद, प्रधानमंत्री, राज्य सरकारें, चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, नौकरशाह जैसी तमाम संस्थाओं में निहित स्वार्थी तत्व सेंधमारी कर चुके फलफूल रहे हैं। देश की आधी सार्वजनिक दौलत मुट्ठी भर कॉरपोरेटी ले उड़े हैं। जनता के गाढ़े पसीने की कमाई से बनी दौलत लेकर कई विदेशी भगोड़े हो गए हैं। साफ लिखा है संविधान में कि देश की कुदरती और वन संपत्ति जनता की होने से उसके ही काम आनी है। संविधान को इलहाम नहीं था कि उसके जन-आश्वासनों की पीठ पर कॉरपोरेटी छुरा मारेंगे। हालांकि संविधान में कहा तो गया था कि ये लोग रक्तपिपासु हैं।

संविधान, सरकार और हर पांच साल में चुनाव जीतकर जनता के रहनुमा बनते लोग भी अडानी, अंबानी, वेदांता जैसे बीसियों कॉरपोरेटियों से नहीं बच पाएंगे। राज्यपाल पद का इतना अवमूल्यन होगा कि सत्तानशीन पार्टी के जनआकांक्षाओं में खारिज कर दिए गए हाशिए के सियासतदां और कई गुमनाम तत्व गवर्नर बनाए जाएंगे। वे कुछ काम तो करेंगे लेकिन संविधान की मंशा में कई छेद भी करेंगे। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी ने जैसे उद्धव ठाकरे सरकार को गिरा दिया और एकनाथ शिंदे की ताज़पोशी कर दी। उसकी चुनौती सुनते सुप्रीम कोर्ट तक पशोपेश में है। छत्तीसगढ़ में सरकार और गवर्नर के बीच आरक्षण के मामले में संविधान को दरकिनार कर राजभवन के सामने राजनीतिक प्रदर्शन होते रहे। राज्यपाल द्वारा सरकार से किए जा रहे गोपनीय पत्र व्यवहार को सार्वजनिक किया जाता रहा।

संविधान के नाम पर ली गई शपथ में जबकि इनकी साफ मनाही है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रहे दिनेश नंदन सहाय खुले आम इसी राज्य के उद्योगपति नवीन जिंदल के हवाई जहाज़ में तफरीह करते रहे। वह सरकार और स्वस्थ परंपराओं की बल्कि संविधान की मुखालफत करना होता था। छत्तीसगढ़ और राजस्थान सरकारें मिलकर हसदेव कछार का पूरा कोयला केन्द्र सरकार के दबाव के कारण अदानी के सुपुर्द किए बैठी हैं। वह भी संविधान के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। लोकतंत्र की बुनियाद तो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव हैं। फिर भी केन्द्रीय चुनाव आयुक्त के सदस्य के रूप में सरकार ने प्रधानमंत्री की इच्छा के अनुसार अरुण गोयल को नियुक्त किया। उससे तो संविधान को ही सांप सूंघ गया। उस अधिकारी ने शासकीय सेवा से तुरंत इस्तीफा मंजूर करने के लिए गुहार लगाई थी और रिटायरमेंट की राह पर चले नौकरशाह को ही मोदी सरकार ने चुनाव आयुक्त बना दिया। सुप्रीम कोर्ट ने लगभग झल्लाकर आयुक्तों का चयन करने के लिए प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और चीफ जस्टिस की तीन सदस्यों की चयन समिति बना दी। लोग समझ रहे कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। यह भी




समझना होगा कि इससे प्रधानमंत्री को चीफ जस्टिस को विश्वास में लेकर अपनी मनमर्जी करने की बेहतर स्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री के पास देने के लिए राज्य सभा, राज्यपाल जैसे कई पद हर वक्त स्टॉक में रहते हैं।

लिखा होगा संविधान में कि जनता का मूल कर्तव्य है कि हर नागरिक को मानना होगा कि भारत में सर्वधर्म सामासिक संस्कृति का भाईचारा बढ़ाना है। इसके बावजूद मस्जिद के सामने गैरधार्मिक भावना से हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा। रामनवमी के जुलूस पर पत्थरबाजी और गोलीबारी की जाए। तो भी सरकार हुल्लड़बाजों और अपराधियों को पकड़ने के बदले उनका बचाव करे। खुले आम दलित बेटी की हत्या और बलात्कार की हाथरस जैसी घटनाएं हों। फिर भी मुलजिमों का बाल बांका नहीं हो। नागरिक आज़ादी का पहरुआ बनकर पत्रकार सामने आएं। तो उन्हें इस तरह गिरफ्तार किया जाए कि सुप्रीम कोर्ट तक को जमानत देने में महीनों, बरसों लग जाएं। इतने अपराध सरकार की शह पर भी हो रहे हैं कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट चाहें तो खुद संज्ञान ले सकते हैं। संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का समकोणीय त्रिभुज लोकतंत्र को ही त्रिशंकु बना रहा है।

हर संवैधानिक संस्था पर काबिज ओहदेदार अपने भ्रष्टाचार की मूंछे ऐंठ रहा है। मुख्यमंत्री तो खुद को इतना ताकतवर समझ चुके हैं, मानो जो इतिहास लिखा जाएगा, उसमें उनका दर्जा राणा प्रताप, शिवाजी और टीपू सुल्तान के ऊपर सरकारी किताबों में टीपा जाएगा। पांच किलो का मुफ्त राशन अस्सी करोड़ जनता को जब मिल रहा है, उसे लोकतंत्र का अमृतकाल कहा जाता है। यह अमृत पता नहीं कब तक लोगों को मुफ्त में खाते पीते मुफलिसी झेलनी पड़ेगी। देश की वैज्ञानिक समझ विकसित करने के बदले निज़ाम ने उनके बीच में बागेश्वर बाबा, आसाराम, राम रहीम, रामपाल और न जाने कितने साधु और मुल्ला दिखते मुखौटे छोड़ दिए हैं। उससे लोकतंत्र को फालिज़ हो रही लेकिन नफरत की फसल लहलहा रही। हर संवैधानिक संस्था में जानबूझकर कैंसर के विषाणु इंजेक्ट किए जा रहे। उसे ही भारत का भाग्योदय कहा जा रहा। गांधी कहते थे आजकल की मशीनी सभ्यता ऐसी है जिसमें तपेदिक के हर मरीज को अपने चेहरे की लाली देखकर लगता है कि वह बेहद तंदुरुस्त है। जबकि अंदर ही अंदर उसे मौत के कीड़े खाए जा रहे हैं। पचहत्तर बरस का लोकतंत्र हमउम्र संविधान का सहोदर है। दोनों सुदूर भविष्य के अंधेरे में देख रहे हैं कि कब और कैसे जिंदगी और उसकी सुरक्षा को बचा लिया जाए। कभी नहीं हुआ कि किसी मुल्क की कौम में इतनी पस्तहिम्मती भर दी गई हो कि वह इतना हौसला भी बचाकर नहीं रख पाए कि कैसे अपने दम पर आगे बढ़े कि उसका खात्मा नहीं हो।

लोकतंत्र की बुनियाद तो वे हैं जो अब 140 करोड़ है। आम आदमियों का यह संकुल ही तो भारत है। भारत फकत पेड़, पहाड़, नदियां, समुद्र, पशु पक्षी का कोलाज़ नहीं है। जो लोग मुगालते में हैं, उन्हें भारत के गांवों, किसानों, मुफलिसों, मजदूरों, बेसहारा औरतों, दिशाहीन बच्चों में झांकना चाहिए कि क्या यही लोकतंत्र है जिसके वास्ते पीढ़ियां बरबाद हो गईं। दफ्न हो गईं। जेलों में सड़ गईं। फांसी चढ़ गईं। हर संवैधानिक संस्था दूसरी संस्था से उसी तरह जुड़ी हुई है जैसे मनुष्य देह में हृदय, फेफड़े, आंतें और मस्तिष्क। यदि खून का प्रवाह दूषित हो जाए तो हर अंग दूसरे को कोसता भले रहे लेकिन जिंदगी से महरूम होता रहेगा। फिर भी यह वक्त रोने, बुराई करने, दोष निकालने और निराशा फैलाने का नहीं है। हर तरह की बरबादी से बचने का जो हौसला देता है, उसे ही तो लोकतंत्र कहते हैं। तब ही वह संविधान की बैसाखी पर चढ़कर अपनी मंज़िल तक बिलकुल पहुंच सकता है।

## स्मृति शेष
विवेक शुक्ला



# अपने स्कूल-कॉलेज पर जान निसार करते थे सतीश कौशिक

सतीश कौशिक के पुराने और जिगरी दोस्त शब्दहीन हैं, रुआंसे हैं। शब्द दगा दे गए हैं। सतीश कौशिक के बाल सखा सुरेन्द्र रातावाल और विजय मोहन शर्मा बोलने की स्थिति में नहीं है। एक झटके में करीब 55 साल पुराने संबंध टूट गए। तीनों एक दूसरे के करोल बाग तथा दरियागंज के घरों से लेकर किरोड़ीमल क़ॉलेज ( केएमसी) तक आते-जाते थे। सतीश कौशिक को आगामी 8 अप्रैल को केएमसी में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में आना था। उस कार्यक्रम की तारीख भी उन्होंने ही तय की थी। सतीश कौशिक 1980 के दशक में मुंबई चले गए थे। तब उनके करोल बाग के नाईवाला की गली नंबर 32 में रहने वाले पिता और परिवार को सुरेन्द्र रातावाल तथा विजय मोहन अपना समझ कर देखते थे। गुरुवार की मनहूस सुबह को सुरेन्द्र रातावल को सतीश कौशिक की मृत्यु का समाचार मिला। उनके होश उड़ गए। उन्हें यकीन इसलिए भी नहीं हुआ क्योंकि सतीश कौशिक दिल्ली में जब आते तो उन्हें और विजय मोहन को फोन से सूचना तो दे ही देते थे। मिलते भी थे। कम होता कि वे अपने बचपन के इन दोस्तों से बिना मिले चले गए हों। इस बार उन्होंने अपने मित्रों को दिल्ली आने की जानकारी नहीं दी थी। दोनों दोस्तो को समझ नहीं आ रही है इसकी वजह।




तीनों केएमसी में जाने से पहले ही एक-दूसरे को जानते थे। रोज का उठना-बैठना। केएमसी में पढ़ाई के दौरान दरियागंज के अंबर रेस्तरां में तीनों का बैठना और गपशप करना। सतीश कौशिक मुंबई जाने लगे तो उनके दोनों साथियों ने उनकी हर संभव मदद की। आगे चलकर सतीश कौशिक ने अपने को एक सशक्त एक्टर के रूप में स्थापित किया। इधर उनकी दिल्ली में उनके मित्र सुरेन्द्र रातावल मदनलाल खुराना सरकार में मंत्री बने और विजय मोहन कांग्रेस के नेता और जनता कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन।

सतीश कौशिक के निधन से करोल बाग का नाईवाला का उदास होना लाजिमी है। उनका बचपन यहां की तंग गलियों में गुजरा था। उनके पिता करोल बाग के एक शो रूम में नौकरी करते थे। अब भी नाईवाला में उनकी एक बहन,परिवार के कुछ सदस्यों के अलावा बहुत सारे दोस्त और जानने वाले रहते हैं। वे दूर मुंबई बसने के बाद भी करोल बाग से मन से करीब ही रहे थे। उनक यहां आना-जाना लगा रहता था। वे इसी करोल बाग से मंदिर मार्ग के हरकोर्ट बटलर स्कूल में पढ़ने के लिए जाते थे। कुशाग्र बुद्धि के छात्र थे सतीश कौशिक। उनके अंदर एक्टिंग की दुनिया में जाकर अपने हिस्से के आसमान को छूने का जज्बा तब ही से था। वे हरकोर्ट बटलर स्कूल पूर्व छात्रों के कार्यक्रमों में बार-बार भाग लेते। मुंबई से खासतौर पर आते। वे 2016 में अपने स्कूल भी आए थे। हरकोर्ट बटलर को नई दिल्ली का पहला स्कूल माना जाता है। सतीश कौशिक की शख्सियत को संवारने में केएम कॉलेज ने अहम रोल निभाया। यहां पर उन्हें फ्रेंक ठाकुर दास के रूप में अपना एक्टिंग की दुनिया का पहला गुरु मिला। फ्रेंक ठाकुर दास इधर अंग्रेजी के अध्यापक थे, पर उनकी रंगमंच की भी गहरी समझ थी।

वे खुद भी रंगकर्मी थे। उनकी सरपरस्ती में अमिताभ बच्चन ने भी एक्टिंग को समझा था। उन्हीं फ्रेंक ठाकुर दास ने सतीश कौशिक को अभिनय और रंगमंच का पहला अध्याय समझाया था। ये 1970 के दशक के शुरूआती साल थे। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। उन्होंने ही कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर वगैरह को भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी थी। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा कल्ब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सतीश कौशिक के मन में अपने फ्रेंक सर को लेकर हमेशा कृतज्ञता का भाव रहा। केएमसी के पूर्व छात्र और अब हंसराज क़ॉलेज में हिंदी के प्रोफेसर डॉ. प्रभांशु ओझा ने बताया कि सतीश कौशिक ने एएमसी में बने फ्रेंक ठाकुरदास सभागार के निर्माण के लिए एक मोटी राशि दी थी। उनके मन में केएमसी के प्रति गजब का प्रेम था। वे यहां पर कभी-कभी तो बिना किसी पूर्व सूचना के भी आ जाते थे।

# जीव सर्वदा सुख की इच्छा करता है



संकलित
दर्शन

भवरूप महादावाग्नि का शमन होना। वन में वृक्षों के परस्पर के संघर्ष से अग्नि प्रज्वलित हो जाती है, उसका नाम दावाग्नि है। इस संसार में जीवों को विषय-वासनाओं के पारस्परिक संघर्ष से जो आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक ताप उत्पन्न होता है, उसकी दावाग्नि से तुलना की गई है। जीव के श्रेयरूप कुमुद को विकसित करने वाली चंद्रिका का प्रकाश होना। जीव सुखस्वरूप होने के कारण सर्वदा सुख की इच्छा करता है। सांसारिक अथवा इंद्रियजन्य सुख का नाम है प्रेय और पारमार्थिक अर्थात आत्मसुख का नाम है श्रेय। इस श्रेय को कुमुद पुष्प से उपमा दी गई है। कुमुद पुष्प दिन में सूर्य के ताप से मुकुलित (बंद) रहता है और रात में चंद्रमा की शीतल चंद्रिका पाकर खिल जाता है। जड़बद्ध जीव का आत्मसुखरूप श्रेय कुमुद भी तापत्रय के संताप से मुकुलायमान रहता है, श्रीकृष्णनाम चंद्रमा का संकीर्तनरूप से उदय होने पर जब भाव-चंद्रिका का प्रकाश होता है, तब इसका विकास होता है। विद्यावधू के जीवन का संचार। ज्ञानरूप जीव की विद्या ही परम परिचारिका है, इसी से इसे वधू शब्द से संकेत किया गया है। अपरा विद्या के द्वारा क्षर वस्तुओं का ज्ञान होता है, जबकि परा विद्या के द्वारा अक्षर तत्व का। अक्षरं ब्रह्म परमम्। परम ब्रह्म का नाम अक्षर है।

# संत-महात्मा की सलाह जरूर लें



संकलित
प्रेरणा

श्रीराम के छोटे भाई शत्रुघ्न से जुड़ा एक प्रसंग काफी प्रचलित है। एक दिन श्रीराम ने शत्रुघ्न को आदेश दिया कि मधुवन नाम की जगह पर एक राक्षस है, जो च्यवन ऋषि के साथ ही अन्य ऋषि-मुनियों को सता रहा है। तुम जाओ और उसका वध करो, इसके बाद तुम वहां का राजा बन जाओगे। बड़े भाई का आदेश मिलने के बाद शत्रुघ्न मधुवन पहुंचे। शत्रुघ्न को मालूम हुआ कि उस असुर के पास एक अजय शस्त्र है, जिसे पराजित कर पाना असंभव है। इसके बाद शत्रुघ्न च्यवन ऋषि से मिलने पहुंचे। शत्रुघ्न ने ऋषि को प्रणाम किया और कहा कि आप मुझे कोई ऐसा रास्ता बताएं, जिससे मैं यहां आतंक मचा रहे असुर का वध कर सकूं। च्यवन ऋषि ने शत्रुघ्न से कहा कि आप उस असुर पर तब हमला करें, जब वह भोजन करने जाता है। वो असुर भोजन करने से पहले अपना अजय शस्त्र अपने घर में छोड़ देता है। उसे उसके घर में घुसने से पहले ही मारना होगा। जब वह असुर अजय शक्ति के बिना असावधान दिखे, उस समय तुम उसका वध कर सकते हो। च्यवन ऋषि की सलाह मानकर शत्रुघ्न ने उस असुर का वध कर दिया। असुर को मारने के बाद शत्रुघ्न श्रीराम के पास पहुंचे और पूरी बात बताई तो श्रीराम बहुत खुश हुए और छोटे भाई मधुवन का राजा घोषित कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक्सप्रेस वे का विस्तार जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के पहले हिस्से का उद्घाटन हाल ही में किया। यह देश के सड़क मार्ग को और मजबूत करने के लिए एक अच्छी पहल है। इससे दो बड़े महानगरों दिल्ली और मुंबई की दूरी सड़क मार्ग से कम होगी, जिससे आमजन को और सुविधा सफर के लिए होगी और माल ढुलाई के लिए भी यह कारगर साबित होगी। जब से हमारा देश आजाद हुआ है, तब से जिस भी राजनीतिक पार्टी की सरकार सत्ता में आई, उसने देश में सड़कों का जाल बिछाने और इनका विस्तार करने में रुचि दिखाई है।

**लुकेश निर्मलकर**, बिलासपुर (छ.ग.)

## करंट अफेयर


# किम ने तोपखाना अभ्यास का लिया जायजा



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के एक तथाकथित एयरफील्ड पर हमले की स्थिति का अनुकरण करते हुए तोपखाना अभ्यास का जायजा लिया। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को दी। किम ने अपने सैनिकों को देश के प्रतिद्वंद्वियों की 'युद्ध तैयारियों' के मद्देनजर अपनी व्यवस्था चाकचौबंद करने के लिए कहा। उत्तर कोरिया की यह रिपोर्ट ऐसे समय आयी है जब दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट से समुद्र की ओर छोटी दूरी की एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टॉफ' ने कहा कि मिसाइल को पश्चिमी तटीय शहर नम्पो के आसपास के इलाके से दागा गया। मिसाइल ऐसे समय दागी गई जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने किम के परमाणु हथियार के बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए अपने सबसे बड़े संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास शुरू किया है। प्योंगयांग की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि किम ने बृहस्पतिवार के अभ्यास के दौरान अपने सैनिकों से किसी भी समय देश के दुश्मनों की सैन्य कार्रवाई का 'जबरदस्त जवाब देने और उसे रोकने' के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

## ऑफ बीट

# अवसाद के लिए दवा से भी अधिक प्रभावी व्यायाम



दुनिया वर्तमान में एक मानसिक स्वास्थ्य संकट से जूझ रही है, जिसमें लाखों लोग अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। इसने दिखाया कि व्यायाम मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के इलाज का एक प्रभावी तरीका है – और यह दवा या परामर्श से भी अधिक प्रभावी हो सकता है। कठिन, तेज, मजबूत हमने 97 समीक्षा पत्रों की समीक्षा की, जिसमें 1,039 परीक्षण और 128,119 प्रतिभागी शामिल थे। हमने पाया कि हर हफ्ते 150 मिनट विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधि (जैसे तेज चलना, वजन उठाना और योग करना) सामान्य देखभाल (जैसे दवाएं) की तुलना में अवसाद, चिंता और मनोवैज्ञानिक संकट को काफी कम कर देता है। सबसे बड़ा सुधार (प्रतिभागियों द्वारा स्व-रिपोर्ट के अनुसार) अवसाद, एचआईवी, गुर्दे की बीमारी, गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाओं में और स्वस्थ व्यक्तियों में देखा गया, हालांकि सभी आबादी के लिए स्पष्ट लाभ देखा गया। हमने पाया कि व्यायाम की तीव्रता जितनी अधिक होती है, उतना ही अधिक लाभदायक होता है। उदाहरण के लिए, सामान्य गति से चलने के बजाय तेज गति से चलना।

## ट्रेंड

### खेद का विषय



यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ सप्ताहों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### वास्तविक कुंजी



हम में से प्रत्येक को न केवल अपने स्वयं, परिवार या राष्ट्र के लिए बल्कि पूरी मानव जाति के लाभ के लिए काम करना सीखना चाहिए। सार्वभौमिक उत्तरदायित्व मानव अस्तित्व की वास्तविक कुंजी है। यह विश्व शांति के लिए सबसे अच्छा आधार है।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### जनता देख रही है



मनीष को पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कोई सबूत नहीं मिला, रेड में कोई पैसा नहीं मिला। कल मनीष छूट जाते। तो आज ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। इनका मकसद है, मनीष को हर हालत में अंदर रखना। जनता देख रही है। जवाब देगी

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा



जानता हूं कि मृत्यु ही इस दुनिया का अंतिम सच है। पर ये बात मैं जीते जी कभी अपने जिगरी दोस्त सतीश कौशिक के बारे में लिखूंगा, ये मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। 45 साल की दोस्ती पर ऐसे अचानक पूर्णविराम। तुम्हारे बिना जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा। ओम शांति।

-अनुपम खेर, अभिनेता




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## गैराज में आगजनी की घटना, ट्रोले सहित अन्य समान हुआ राख



गरीबो का सितारा

**वी.पी.मीणा बहरोड़।** दिल्ली जयपुर हाईवे के शेरपुर गांव के पास स्थित ट्रोले के गैराज में आगजनी की घटना घटित हो गई। आग लगने से गैरेज में खड़े एक ट्रॉला सहित पास में खड़े ट्रॉले कुछ हिस्से तक जल गए। व आसपास रखा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपेटे इतनी



भयंकर थी कि आसमान में काला घेरा बन गया। सैकड़ों की संख्या में राहगीर व आसपास ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर बहरोड़ नीमराना दमकल ने पहुंचकर आगजनी की घटना पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार हाईवे स्थित यह गैराज संदीप बहरोड के नाम से संचालित है जो अपने ट्रोले खनन में चलाते हैं। उनका रखरखाव व मेंटेनेंस के लिए यह बनाया हुआ है। कर्मचारियों की जानकारी के अनुसार यह ट्रॉला सीएनजी में संचालित है। पास में वेल्डिंग का काम चल रहा था संभावना है कि गैस की वजह से यह आगजनी की घटना घटित हुई है। मालिक इस विषय में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

## पीड़ित बच्ची के इलाज के लिए दी 50000 की सहयोग राशि

### सहयोग राशि गोशाला के सचिव ने सोशल मीडिया से जुटाई



गरीबों का सितारा

**सीकर।** एसके हॉस्पिटल में बर्न यूनिट में भर्ती बालिका पूनम कंवर के इलाज के लिए श्री गोविंद गोशाला के सचिव द्वारा 50000 की नगद राशि पीड़ित के पिता को हॉस्पिटल आकार सुपुर्द की गई। महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि बाखरवासी निवासी पूनम कंवर 14 जनवरी को घरेलू कार्य करते समय जल गई थी। घर में आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई थी। फिर सोशल मीडिया में बच्ची की पोस्ट आई सहयोग के लिए। उन्होंने उस पोस्ट को देख कर परिवार से संपर्क किया और बच्ची को एसके हॉस्पिटल में फतेहपुर से भर्ती करवाया। बच्ची के इलाज के सोशल मीडिया में मुहिम चलाई गई। गोशाला के जो भामाशाह है उन सदस्यों ने सहयोग किया पोस्ट को आगे बढ़ाया और आज 50000 की सहयोग राशि बच्ची के पिताजी को दे दी गई है। उन्होंने कहा का उनकी चुरू की गोशाला का संचालन भी सोशल मीडिया के भामाशाह के माध्यम से किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम चाहे तो सोशल मीडिया का सही उपयोग करके अच्छा कार्य कर सकते है । उन्हें साथ कैलाश सिंह जितेंद्र सिंह तंवर राजेंद्र सिंह तंवर राजेंद्र सिंह चंद्रवसी बबलू राठी उपस्थित रहे। महेंद्रपाल सिंह द्वारा सभी सोशल मीडिया भामाशाओ का आभार व्यक्त किया गया।

## सरेरी ग्राम में श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर हुई प्राण प्रतिष्ठा



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** ग्राम पंचायत सरेरी के भवानीपुरा गांव में ग्राम वासियों के सहयोग से 100 वर्ष पुराने श्री चारभुजा नाथ जी के मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया । मंदिर परिसर में पंडित जगदीश शर्मा द्वारा मंत्रोचार सहित भगवान श्री चारभुजा नाथ, भगवान श्री राम सीता लक्ष्मण एवं शिव परिवार की मूर्ति सहित श्री बालाजी महाराज की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ की गई । कार्यक्रम में आसींद हुरडा विधायक जब्बर सिंह सांखला, हुरडा पंचायत समिति प्रधान साहब कृष्ण सिंह राठोड, सरपंच प्रतिनिधि छोटू लाल गुर्जर, जिला परिषद सदस्य सदस्य रामलाल खटीक, पूर्व सरपंच राजेंद्र खटोड़, देवकरण कोठारी, समाजसेवी बबलू कुमावत ,शिव वीर सिंह,जगदीश गढवाल,कवलियास सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद कुमावत , ने श्री चारभुजा नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। ग्राम वासियों ने विधायक सांखला एवं प्रधान राठौड़ से उच्च प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन बनाने की मांग की जिस पर जनप्रतिनिधियों ने शीघ्र ही समस्या के समाधान करने हेतु आश्वस्त किया। लालराम यादव ,राम गोपाल गुर्जर, वार्ड पंच कमल कुमार एडवोकेट रामगोपाल चौधरी ,कालूराम यादव, छोटू लाल गुर्जर, नाथू लाल गुर्जर, गोपी यादव , गजमल यादव ,दिलीप यादव ,किशन गुर्जर, सुरेश यादव सहित ग्रामवासी थे।

### शहर के प्रमुख मार्गो पर आवारा पशुओं का जमावड़ा

# जिम्मेदारों को यह खबर पढ़ना जरूरी, नगर परिषद की अनदेखी के चलते अव्यवस्थाओं का आलम

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो किसी भी शहर के सौंदर्य में उक्त शहर के नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका की विशेष भूमिका होती है लेकिन यदि ब्यावर शहर की बात करें तो नगर परिषद की अनदेखी के चलते हैं अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिल रहा है शहर में स्वच्छता अभियान की तो पहले से ही खुलेआम धज्जियां उड़ रही है वहीं दूसरी ओर आवारा पशुओं का जमावड़ा भी अब शहर के प्रमुख मार्गो में देखने को मिल रहा है कई बार तो इन आवारा पशुओं की लड़ाई इतनी खतरनाक परिलक्षित नजर आती है कि राहगीर अथवा दूपहिया वाहन चालक भी चोटीले हों जाते हैं पैदल चलने वाले राहगीरों को भी आवारा पशुओं की लड़ाई से अनहोनी होने की






आशंका सताती रहती है एक ओर तो नगर की पुलिस शहर को अतिक्रमण से मुक्त करने में लगी है वहीं दूसरी ओर नगर परिषद अपने कर्तव्य से विमुख होते दिखाई दे रही है खैर नगर परिषद के सिरमौर को इस बात से क्या लेना देना शहर का सौंदर्य उनकी शान थोड़े ही बढ़ाएगा लेकिन समय रहते यदि इन आवारा पशुओं के जमावड़े को कम नहीं किया गया तो कोई बड़ी घटना ना घटित हो जाए उसके बाद यदि नगर परिषद जागरूक भी हो गई तो क्या ? सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटने के सिवा कुछ नहीं बचेगा।

## सरपंच सरोज मीना को 12 मार्च को दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति शिरोमणी प्रतिभा अवार्ड से सम्मानित किया जावेगा

### अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच में अलवर की रैणी तहसील की ग्राम पंचायत-पाटन की सरपंच है सरोज मीना

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर), महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत-पाटन सरपंच सरोज मीना को 12 मार्च 2023 रविवार को दिल्ली मे आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच मे नारी शक्ति सिरोमणी अवार्ड प्रतिभा से सम्मानित किया जावेगा। मंच के सांस्कृतिक सचिव योगेश कुमार शर्मा ने बताया है कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच इन्डो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान मे अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन और नारी शक्ति शिरोमणी अवार्ड नई दिल्ली स्थित कृष्णन मेनन भवन मे 12 मार्च 2023 को दिया जावेगा। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र , न्याय , समाज सेवा , प्रशासनिक , राजनीतिक क्षेत्र की



चयनित व मनोनीत 150 महिलाओ को यह सम्मान दिया जावेगा। अभिनन्दन पत्र , स्मृति चिन्ह और मेडल गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहायक डायरेक्टर डाक्टर मोहन चन्द्रा व कनाडा एंबेसी की प्रतिनिधी इस्टेल श्रेयक्स, मिसेज इण्डिया से सम्मानित डेजी राज्यपाल , जगद्गुरू रामानंदआचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति अनुला मोर्या देगे। अन्तर्राष्ट्रीय समसरता मंच महावीर प्रसाद टोरडी ने बताया कि महिलाओ के सशक्तिकरण के साथ साथ महिलाओ का आर्थिक , समाजिक और मानसिक रूप से विकास होना भी बहुत जरूरी है और हम सभी को मिलकर यह आत्मविश्वास जगाना होगा महिलाऐ भी किसी भी तरह से किसी भी क्षेत्र मे कम नही है महिला माता के रूप मे बहिन के रूप मे पत्नी के रूप मे एक शक्ति प्रेरणा है। सरपंच सरोज मीना की एक अलग पहचान है क्योकि यह अपनी संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखती है सरपंच सरोज मीना को यह सम्मान मिलना अलवर जिले के लिए और रैणी क्षेत्र के लिए एक गर्व की बात है। सरपंच सरोज मीना अलवर सरपंच संघ की जिला सचिव है तथा रैणी पंचायत समिति से सरपंच संघ की उपाध्यक्ष है व राजस्थान मीणा आदिवासी महासभा की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भी है और राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष है। स्वघोषित विक्रय व्यय योजना के तहत अन्तर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय समरसता मंच की 7300 दिवसीय कार्ययोजना इन्डो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा के अन्तर्गत भारत नेपाल वैदिक कालिन संस्कृति का पुनरूत्थान हो व भारत पुनः विश्व गुरू बन सके। भारत को सुरक्षा परिषद मे वीटो का पावर दिलवाने व सुरक्षा परिषद मे स्थायी सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्टो का नैतिक समर्थन की आशा मे प्रेरित अभियान को मूर्त रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। मिडिया को यह सारी जानकारी पाटन सरपंच सरोज मीना के द्वारा दी गई है।

## जगदीशपुरी गांव में विधि विधान के साथ हवन यज्ञ करने के बाद सीतला माता की हुई मूर्ति स्थापित



गरीबों का सितारा

**आसींद।** क्षेत्र के कालियास पंचायत के जगदीशपुरी गांव में शुक्रवार को हनुमान मन्दिर के पास पंडित ओम प्रकाश आमेटा द्वारा विधि विधान के साथ ही पूजा अर्जना करके हवन यज्ञ करने के बाद मूर्ति स्थापित की इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि 55 साल पहले जब गांव की स्थापना हुई तब से सीतला माता की पूजा अर्जना कर रहे लेकिन मन्दिर नही होने से महिलाओं को पूजा करने में तकलीफ होती थी जिसको लेकर महिलाओं ने इसके बारे में बताया जिसको लेकर ग्रामीणों के सहयोग से आज मूर्ति स्थापित हुई। इस मौके पर मदन शर्मा सत्यनारायण शर्मा शिवराज शर्मा सुरेश शर्मा सत्यनारायण शर्मा सुखदेव शर्मा ज्ञानचंद शर्मा शंकर शर्मा मुकेश शर्मा जगदीश शर्मा महावीर शर्मा राजू लाल रामस्वरूप आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती को लेकर लंकापुरी बालाजी में हुई मीटिंग

गरीबों का सितारा

**साधना सेठी, सीकर।** श्री लंकापुरी बालाजी धाम समिति की अध्यक्ष अनीता शर्मा ने बताया मंदिर



प्रांगण में महंत नंदकिशोर पंडित के सानिध्य में हनुमान जयंती के कार्यक्रम को लेकर कार्यसमिति की आवश्यक बैठक हुई जिसमें श्रीमती शर्मा ने कहा इस बार हनुमान जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम होंगे जिसमें पूर्व संध्या पर निशान पूजन कर निशान यात्रा निकाली जाएगी व 6 अप्रैल हनुमान जयंती पर मंदिर में 12:15 बजे महाआरती कर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा उसी दिन शाम के समय विशाल भजन संध्या होगी जिसमें बाहर के व स्थानीय कलाकार विशेष रूप से भाग लेंगे जो हरि इच्छा तक चलेगी।श्री लंकापुरी बालाजी को भव्य रूप से सजाया जायेगा ,पुष्प वर्षा की जायेगी, आकर्षण झांकियां सजाई जाएगी।मीटिंग में समिति के गिरीश सोमानी, रामावतार कलावटिया, राजकुमार पारीक, अमित शर्मा, उमेश कुमार माथुर, बनवारी शर्मा, कामिनी सोमानी, कमलेश प्रसाद मिश्रा, विशाल पारीक, सुनील कुमार पांडे, हेमंत सोनी, आदि ने भाग लिया कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुधीर मिश्रा को संरक्षक व बालमुकुंद जोशी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों को बालाजी का दुपट्टा उठाकर अनीता शर्मा ,राजकुमार पारीक ने स्वागत सम्मान किया।

## आगामी 19 मार्च को आयोजित होने वाली ब्राह्मण महापंचायत को लेकर ब्राहमण समाज ने भरी हुंकार

### जयपुर कूच करने के लिए तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का हुआ गठन

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आगामी 19 मार्च रविवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम पर विप्र सेना के सानिध्य में होने वाली विशाल ब्राह्मण महापंचायत को लेकर स्थानीय ब्राह्मण समाज के सदस्यों की एक बैठक विप्र सेना के प्रदेश सचिव कुलदीप व्यास के सानिध्य में परशुराम भवन में आयोजित की गई जिसमें भारी संख्या में मौजूद समाज के सदस्यों ने महापंचायत को लेकर उत्साह जताते हुए अधिक से अधिक संख्या में जयपुर कूच करने का निर्णय लिया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में ही संचालन समिति सहित अन्य प्रबंध समितियों का गठन किया गया। जिस में मनोज शर्मा को संयोजक, भुवनेश शर्मा, संजय पाराशर और रवि दंडायत , राजेश शर्मा बाबा को उप संयोजक, वाहन समिति में शैलेश शर्मा और नरेंद्र पारीक संजय पांडे, समन्वय समिति में एडवोकेट सुनील



कौशिक, राजेश शर्मा( पार्षद), नवीन पंचोली, अजय स्वामी ( पार्षद), श्री दिनेश शर्मा( पार्षद), और गोविंद शर्मा( जे. स्काई), संरक्षण समिति में ओपी मिश्रा, डॉक्टर एम एल शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा ,अनिल पाराशर संजय भार्गव, वित्त समिति में राजेंद्र शर्मा (रिको) योगेश पंचोली, सुधीर भार्गव, चंद्र प्रकाश अग्निहोत्री को, व्यवस्था समिति में रोहित आचार्य संदीप भार्गव, कुंज बिहारी शर्मा, राधा मोहन जोशी, सत्यकाम दाधीच, वृत्युंज्य आर्य, हिमांशु शर्मा को, महिला समिति में श्रीमती प्रीति शर्मा , श्रीमती शालिनी शर्मा , श्रीमती सुलक्षणा शर्मा तथा प्रचार प्रमुख के पद पर रोहित शर्मा जे स्काई को मनोनीत किया गया। इसके अलावा अन्य सदस्यों के मनोनयन के लिए संयोजक मनोज शर्मा को अधिकृत किया गया बैठक मे महापंचायत के पोस्टर, निमंत्रण पत्र और वाहनों के स्टीकर का भी विमोचन किया गया।

## ट्रैक्टर से युवक की मौत मुआवजे की मांग दिया धरना, विधायक व पुलिस में कहासुनी

गरीबों का सितारा

**जहाजपुर।** आजाद नेब ग्राम रावत खेड़ा के पास एक बजरी के ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई इस मामले को लेकर विधायक गोपीचंद मीणा मुआवजे की मांग को लेकर अपने समर्थकों के साथ चावंडिया चौराहे पर धरने पर बैठ गए। जानकारी के अनुसार गुढ़ा पंचायत के रामपुरा (घाटारानी) निवासी कन्हैया लाल मीणा पिता मगन राम मीणा उम्र 27 वर्ष घर जा रहा था तभी रावत खेड़ा के पास बजरी लीज से बजरी भर कर आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर होने से युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को अस्पताल पहुंचाया जहां पर शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक गोपीचंद मीणा अस्पताल पहुंचे पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव लेने से परिजनों ने इनकार करते हुए विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में बजरी लीज धारक से मृतक



के परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए समझाइश के लिए तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान थानाधिकारी दुली चंद गुर्जर अस्पताल परिसर में पहुंचे। मुआवजे की मांगो को लेकर विधायक अपने कार्यकताओं सहित चावण्डिया चौराहे पर पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे और वहां चौराहे पर समर्थकों के साथ बैठे हनुमान नगर थानाधिकारी स्वागत पांड्या विधायक से समझाइश कर रहे थे तभी विधायक गोपीचंद मीणा और थानाधिकारी स्वागत पंड्या के बीच कहासुनी हो गई वहां मौजूद लोग और पुलिस कर्मी आमने सामने हो गए। मामले को बिगड़ता देख थानाधिकारी दुली चंद गुर्जर ने बीच बचाव किया मामला शांत होने के बाद विधायक और परिजन सहित समर्थको के साथ खबर लिखे जाने तक धरने पर बैठे रहे।

## स्कूली छात्राओं को तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा कानूनी संबधी विस्तृत जानकारी दी गई

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत तालुका विधिक सेवा समिति गुलाबपुरा द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आगूचा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पीएलवी दिनेश शर्मा, रतनलाल लक्षकार ,राजेंद्र जोशी एवं किशोर राजपाल के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं शिक्षिकाओं को कानून संबंधी जानकारी दी गई ! कार्यक्रम में बाल विवाह, दहेज प्रथा, गुड टच बैड टच एवं बालिकाओं हेतु उपयोगी जानकारी पीएलबी रतनलाल लक्षकार एवं किशोर राजपाल ने विस्तार से दी जबकि पीएलवी दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र जोशी ने महिला उत्पीड़न संबंधी कानून एवं उसकी जानकारी विस्तार से देते हुए उपस्थित मातृशक्ति को लाभान्वित किया। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय विद्यालय के शिक्षक नवल किशोर टेलर ने किया ।उद्बोधन की कड़ी में छात्राध्यापिका बरकत बानो ने गीत के माध्यम से बालिकाओं को प्रेरक गीत सुनाया। विद्यालय की 320 छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ के बालमुकुंद लखारा ,पिंकी शर्मा ,हेमलता शर्मा ,शीला शर्मा



,मधु शर्मा, विशाल वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बाल विवाह तथा बालश्रम व अन्य कानूनी जानकारी संबंधित कर पत्रक विमोचन कर वितरित किए गए साथ ही बालविवाह निषेध हेतु बालिकाओं को शपथ दिलाई गई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मून्ना खोहरी गोली हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने बदली आरोपियों की चाल

गरीबो का सितारा







**वी.पी.मीणा बहरोड़।** क्षेत्र के खोहरी गांव में 7 मार्च मंगलवार होली के दिन संजय यादव उर्फ मुन्ना खोहरी की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने चौथे दिन गिरफ्तार कर लिया है। यह पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। भिवाड़ी एसपी के द्वारा मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया था कि जब तक आरोपियों की पकड़ नहीं होगी मैं बहरोड़ से नहीं जाऊंगा। और शुक्रवार को घटना में शामिल दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया है। पुलिस जानकारी के अनुसार घटना में संलिप्त 26 वर्षीय बेगपुर थाना अटेली महेंद्रगढ़ हरियाणा निवासी रविंदर उर्फ रवि उर्फ बुचिया की सूचना मिली कि भिवाड़ी के सघन कालोनियों से निकलकर पहाड़ की ओर निकलने लगा। जिसे स्पेशल टीम के कॉन्स्टेबल मनोज द्वारा पहचान कर साथी पुलिसकर्मियों को बताया। तुरंत आरोपी पहाड़ी पर चढ़ गया जिस पर सुजीत शंकर सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल पुलिसकर्मियों को इकट्ठा कर आरोपी को घेर लिया। अपने आप को गिरा पाकर आरोपी आनन-फानन में इधर-उधर भागने लगा गहरे गड्ढे गड्ढे में गिरने के कारण आरोपी का बाया पैर टूट गया। जिसके कब्जे से एक अवैध हथियार देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस मिले वही दूसरा आरोपी 26 वर्षीय खोहरी निवासी अजय यादव पुत्र रामनिवास यादव की सूचना मिली कि वह बाइक से भिवाड़ी से बहरोड आ रहा है इस पर पुलिस शाहजहांपुर, नीमराणा, बहरोड व स्पेशल टीम के संयुक्त तत्वाधान में घेराबंदी की गई। आरोपी निभौंर गांव के रास्ते से बसई की ओर जा रहा था जो बाइक पर पहचान होने पर गाड़ी बाइक के आगे लगाकर रोकने का प्रयास किया। जिस पर बाइक फिसल गई। आरोपी को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने फायर किया जो गाड़ी के बोनट पर लगा। दूसरी थानाधिकारी वीरेन्द्र पाल विश्नोई ने आवाज दी व हवाई फायरिंग कर चेतावनी दी। तो बदले में फायर किया जो थानाधिकारी के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जिसपर वापसी मे एसएचओ द्वारा पैर का निशाना बनाकर गोली मारी जो उसके पैर पर लगी उसके बाद उसको पकड़ा गया।

# जाजोद की राउमावि में स्काउट्स का हुआ सम्मान



गरीबो का सितारा

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम पंचायत जाजोद की राउमावि में स्काउट्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्या सुमन तोबड़िया ने बताया कि श्री श्याम फाल्गुन मेला सेवा शिविर रींगस में विद्यालय के स्काउट प्रभारी विष्णु कुमार जोशी के नेतृत्व में 8 स्काउट्स ने 27 फरवरी से 4 मार्च तक मेला व्यवस्था में सहयोग किया। इन सभी स्काउट्स का विद्यालय में विभिन्न पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के स्काउट्स उमेश मीणा, अभिषेक निठारवाल, प्रमोद सामोता, बबलेश मीणा, लक्की, रोहिताश अंकुर, रामस्वरूप गुर्जर और कृष्ण कुमावत ने सेवाएं दी। इस दौरान प्रधानाचार्या सुमन तोबड़िया ने नए सत्र में गाइडिंग गतिविधि भी शुरू करने की घोषणा की। इस अवसर पर व्याख्याता गिरधारी लाल देवंदा, घासीराम वर्मा, चंपा कुमारी, कमला सिंघड, गुड्डी मीणा, गजानंद जाट, बलबीर कुमार, मुरारीलाल जाट, जीतेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार, झाबर मल बुरडक, मोहन सिंह आदि मौजूद थे।

# रामदयाल जी महाराज के चरण राज के लिए श्रद्धालुओं ने हथेलिया रखी जमीन पर

गरीबो का सितारा





**भीलवाड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के रामनिवास धाम में आयोजित पंच दिवसीय महाकुंभ फूलडोल महोत्सव में शुक्रवार को चौथा थाल निकला जानकारी के अनुसार चैत्र कृष्ण एकम से लेकर पंचमी तक चलने वाला महाकुंभ मेला मैं आज चौथे दिन नया बाजार राम मीडिया से अणम्भै वाणीजी की शोभा यात्रा विधिवत चंवर छड़ी छतरी के साथ निकली बारादरी में गादीपती पिठेश्वर वर्तमान आचार्य रामदयाल जी महाराज ने दिवंगत प्रथम आचार्य रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक श्री 1008 रामचरण जी महाराज की पवित्र पुस्तक एवं कंबल जी को प्रणाम कर के राम नाम का प्रवचन दिया एवं हजारों श्रद्धालुओं भक्तों ने थाल की पवित्र पुस्तक को मखमली कपड़े के साथ वर्तमान आचार्य को सौंपा एवं हजारों सैकड़ों भक्तों ने वर्तमान आचार्य रामदयाल जी महाराज के चरण राज लेने की होड़ मच गई और हजारों भक्तों ने अपनी हथेलियां जमीन पर रखकर रामचरण जी महाराज के अनुयाई रामदयाल जी महाराज के चरणों को अपनी हथेली पर रखाते हुए चरण रज प्राप्त किए एवं संतों की भोजनशाला से निकलते महाप्रसाद भोजन की थाली तक पहुंचे उससे पूर्व रामदयाल जी महाराज के चरणों को परिपाटी अनुसार पाद प्रक्षालन किया गया एवं चरणों को मुलायम कपड़े से साफ किया गया एवं आचार्य के कक्ष तक पहुंचे जहां भोजन का महाथाल मैं परिपाटी अनुसार प्रणाम करके भोजन का प्रथम निवाला खाकर मुख्य भक्तों को एवं फूलडोल महोत्सव में आए सैकड़ों हजारों भक्तों को लड्डू एवं भोजन प्रसाद का वितरण किया इसी समय एवं इसी मौके भेख भण्डारी सम्भूराम जगवलभराम रामनारायण हरिराम रमताराम निर्मलराम रामविशवास लुलाश मनसुखराम रामस्नेही सहित हजारों रामस्नेही भक्तों ने भोजन शाला में पंगतप्रसाद प्राप्त किया।

# विधाथीर्यों के सम्मान से बढ़ता है होंसला: डागर

**कालाडेरा राजकीय महाविद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव, पुरुस्कार वितरण समारोह**

## विधाथीर्यों को पुरस्कार भेट कर किया सम्मानित

गरीबों का सितारा





**जयपुर।** कालाडेरा सेठ आरएल सहरिया राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने की। अतिथियों ने अव्वल विधाथीर्यों को प्रशस्ति पत्र व मोंम्टो भेट कर किया सम्मानित। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उप जिलाप्रमुख जयपुर मोहन डागर, डॉं हनुमान सहाय बराला, डॉं शिखा मील बराला, कांग्रेस नेता भगवान सहाय शर्मा, महाविधालय उपाध्यक्ष विजय सिंह, महाविधालय प्राचार्य डॉं निरंजन कुमार बावलिया, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्र कला नागौरी, छात्रसंघ मुख्य परामर्शदाता डॉं रजनी मीणा, डॉं सीताराम कुमावत, अभिषेक सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कैंसर जांच आपके द्वार शिविर का हुआ आयोजन, 101 हुए लाभान्वित



गरीबो का सितारा

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ट्रोमा भवन में आयोजित हुए कैंसर जांच आपके द्वार शिविर में 101 मरीजों ने पंजीकरण करवाकर लाभ प्राप्त किया। रींगस सीएचसी प्रभारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि शिविर का आयोजन भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, रोटरी क्लब रींगस व सीएचसी रींगस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसमें मैमोग्राफी, पेप स्मीयर टेस्ट, एक्सरे, सीए 125, पीएसए, सीबीसी, हिमोग्लोबिन परीक्षण, टीएलसी, प्लेटलेट्स गणना, बीपी व शुगर की जांच की गई। कैंसर विशेषज्ञों का दावा है कि प्रथम चरण में कैंसर रोग का पता चलने पर इलाज संभव है। शिविर प्रभारी सिद्धार्थ वर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

**बैंक आलाधिकारी यह खबर जरूर पढ़े...**

# पीएनबी बैंक बीदासर के कर्मचारियों द्वारा बैंक खाताधारकों के साथ करते हठधर्मिता

**बैंक के आलाधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान, उपभोक्ताओं के साथ बातचीत का रवैया भी रहता है रुद्र**

गरीबों का सितारा




**लक्ष्मणगढ़ ।** निकटवर्ती ग्राम बीदासर की पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पर कर्मचारियों द्वारा कस्टमरों के साथ होती है बदसलूकी। कस्टमर पासबुक एंट्री करवाने जाते हैं या किसी समस्या समाधान की जानकारी मांगते हैं तो आनाकानी करते हैं। कस्टमरों द्वारा विरोध किया जाता है तो सम्पूर्ण स्टाफ द्वारा कस्टमरों को पुलिस मुकदमे की धमकी दी जाती है। इसी तरह बैंक ग्राहकों के साथ बदसलूकी होती रही तो आने वाली 20 मार्च सोमवार को संबंधित बैंक शाखा पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा व बैंक शाखा से बीदासर ग्राम के समस्त पीड़ित ग्राहक अपना बैंक खाता संबंधित बैंक शाखा से बंद करवाकर किसी अन्यत्र बैंक में शुरू करवायेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार को सायं 04 बजे के करीब बैंक कस्टमर रामोतार शर्मा अपनी बैंक पासबुक इन्टरी करवाने गया तो संबंधित कर्मचारियों ने इन्टरी करने से मना कर दिया। कारण पूछना चाहा तो कुछ कारण नहीं बताया ओर कहा कि समय नहीं है। बार-बार पूछने पर संबंधित बैंक कर्मचारी ने इतना तक कह दिया कि बैंक से बाहर जायें वरना पुलिस को बुलाना पड़ेगा। हर रोज बैंक ग्राहकों के साथ बदसलूकी होती है। सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र शर्मा (चंचल) ने बताया कि ये घटना पहली बार नहीं है। बल्कि इस बैंक शाखा से बीदासर, बिदासर, बिडोदी बडी, रामसिंहपुरा, पूनिया का बास, कल्याणपुरा, खींवासर, पोषाणी, रामचन्द्र का बास, पनलावा, ओलागढ, नैणा की ढाणी, राजपूतों की ढाणी के समस्त बैंक ग्राहक कर्मचारियों की बदसलूकी से दुखी हैं। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि संबंधित स्टाफ को नहीं हटाया जाता है तो संबंधित पीड़ित ग्राहक अपना बैंक खाता बंद करवायेंगे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



गरीबों को सितारा



**रुपेश शर्मा, अलवर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी स्टेडियम, अलवर में जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, अलवर द्वारा महिला बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 10.03.2023 को सांय 4 बजे किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष श्री दिनेश भार्गव ने किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी सबल प्रताप सिंह ने सभी खिलाडियों एवं आगन्तुकों का स्वागत किया व इस प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। शिवकुमार सैनी, प्रभारी, भारतीय खेल प्राधिकरण, उमराव सैनी, उपाध्यक्ष, एथलेटिक्स संघ, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी रतिराम सैनी एवं धारा यादव, जूडो कोच लक्ष्मी गुप्ता, एथलेटिक्स कोच दिनेश दहिया भी उपस्थिति रहे। इस प्रतियोगिता में 26 महिला खिलाडियों ने भाग लिया। दिशा गौड, कोमल सुलानिया, नीलिमा शर्मा, स्वाति सिंह आदि राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाडियों ने भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में सम्पन्न हुई। निर्णायकों की भूमिका में कीर्ति भटनागर, सुभाष सैनी, हुकुम सिंह, मनीष सैनी आदि रहे। मंच संचालन बॉक्सिंग प्रशिक्षक संजीव शर्मा ने किया।

# मां सावित्री बाई फुले की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर 126 वीं पुण्यतिथि मनाई



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय यहा सावित्रीबाई फूले सर्किल पर शुक्रवार को मां सावित्री बाई फूले की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर 126 वीं पुण्यतिथि मनाई। सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों और समाज के बहिष्कृत हिस्सों के लोगों को शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई. वह भारत की पहली महिला अध्यापिका बनीं (1848) और उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए एक विद्यालय खोला। सैनी समाज के लोगों द्वारा मां सावित्री बाई फुले की मूर्ति पर माला पहनाकर पुण्य तिथि मनाई। इस इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष बाबूलाल सैनी सचिव एवं तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, उपाध्यक्ष कैलाश सैनी कोषाध्यक्ष नाथू लाल सैनी, संगठन मंत्री चौकफुल सैनी, सहसचिव शंकर लाल सैनी, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सैनी वेद, जीतू सैनी, रामफूल, देवीलाल सैनी, शंकर लाल सैनी, मुरारी सैनी, सोनू सैनी, राज कुमार सैनी, भगवान सोलरा, लोकेश सैनी, पूनम सैनी, विष्णु सैनी, मनीष सैनी, बनवारी लाल सैनी, बिजेंद्र सैनी, मुकेश सोलरा, ओमप्रकाश सैनी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# २१वीं सदी के लिए हो रहे सरकारी शिक्षक तैयार



गरीबों का सितारा

**रुपेश शर्मा, अलवर।** जयपुर शहर की असिस्टेंट कलेक्टर, अर्शदीप ब्रार ने आमेर के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए तैयार करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्होंने अश्वत्थ लर्निंग कम्यूनिटीज नामक ठञ्ऌ के साथ भागीदारी करी है। अश्वत्थ ने जयपुर की पहली टीचर फेलोशिप की शुरूआत करी है। इस ठञ्ऌ की संस्थापक, आरुषि मित्तल, क्ख्ळ दिल्ली और हॉर्वर्ड में पढ़ाई करने के बाद हमारी शिक्षा व्यवस्था को २१वी सदी में ले जाने में जुटी हुई हैं। इस प्रोग्राम का नाम नींव टीचर फेलोशिप है और इसमें शिक्षक अपनी क्लास में बच्चों को २१वी सदी के कौशल (क्रिटिकल थिंकिंग, कम्यूनिकेशन, कोल्लाबोरेशन, क्रीएटिविटी) सीखा पाएँगे। इस प्रोग्राम से शिक्षक रटअफ्ळ बन पाएँगे, यानी सीखेंगे, सब्जेक्ट को पढ़ाना, क्लास को अच्छे से मनेज करना, ऐक्टिविटी करना, अभिभावकों के साथ रेलेशन्शिप बनाना और टेक्नॉलजी व इंग्लिश का प्रयोग करना। इस फेलोशिप में वो प्राथमिक शिक्षक जुड़ सकते हैं जिन्हें सर्विस में ५ साल से कम हुए हैं। आमेर वार्ड में इस प्रोग्राम के लिए १२२ शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। इस एक वर्षीय प्रोग्राम में भाग लेने के लिये शिक्षक एक फॉर्म भरेंगे, व टेस्ट और इंटर्व्यू देंगे । इससे पहले, १ और २ मार्च को अर्शदीप मैम ने आमेर और जालसू के सभी ढड२ को इस अवसर के बारे में बताया। था और साथ ही सभी शिक्षकों की निष्ठा की प्रशंसा भी करी थी।

**समाज को दी सीख...**

# दहेज प्रथा के खिलाफ एक अनूठी पहल : एक रूपया शगुन देकर की शादी

## शिक्षा से मिली नई दिशा तो शुरू से ही थी बिना दहेज शादी करने की लगन

गरीबो का सितारा





**हिरनोदा।** ग्राम पंचायत ढींढा के ग्राम भगवतपुरा निवासी पन्ना लाल बुनकर ने 9 मार्च 2023 को अपनी बेटी मनीषा वर्मा की शादी नांवा निवासी अमित कुमार से एक रुपया शगुन देकर की। शादी के दौरान समस्त नेक भी एक रुपया से किया। सामजिक रस्म बाटका भी एक रुपया शगुन देकर किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत जोरपुरा- सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल ने बताया कि दहेज प्रथा के खिलाफ बलाई समाज में एक अनुठा संदेश है। इस संदेश से बलाई समाज के साथ साथ अन्य समाजों में भी एक अच्छा संदेश जाएगा। सरपंच सिंघल ने बताया कि दहेज प्रथा के खिलाफ एक मुहीम चलाई जाकर, जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पन्ना लाल बुनकर ने बताया कि मेरी शुरूआत से ही दहेज प्रथा के खिलाफ शादी करने की सोच थी, बेटी मनीषा वर्मा की शादी बिना दहेज एक रूपया शगुन देकर खुशी महसूस कर रहा हूं।

SPECIAL NEWS — सितारा न्यूज नेटवर्क

### मनीषा वर्मा की जुबानी

शादी एक बंधन है जिसमें हर एक को एक दिन बंधनों में बंधना पड़ता है। मेरी शुरूआत से ही बिना दहेज शादी की सोच थी। दहेज प्रथा से आज अनेकों परिवार पीड़ित महसूस कर रहे हैं,इसको लेकर मैंने शुरूआत से ही सकारात्मक सोच रखी है। इसमें मेरे परिवार में माता पिता का विशेष सहयोग रहा है।

### इन्होंने भी शादी में की शिरकत

इस दौरान जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल, ढींढा सरपंच प्रतिनिधि रुपाराम चौधरी, पोखर मल बामणिया, काना राम सांई, पन्ना लाल सांई, गणेश वर्मा, नीमा देवी, सन्तोष देवी,कुशल वर्मा, डॉ राजेंद्र चौधरी, लालाराम लौछब, रविन्द्र वर्मा, आलोक वर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# एमसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को बचाने लगाई गुहार, फ्रेंचाइजी लीग से बढ़ा खतरा

## बिग थ्री भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को मिल रहे पर्याप्त मैच

एजेंसी ⏭ दुबई

मेरिलबोन क्रिकेट क्लब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को सुरक्षित रखने के लिए 'तत्काल हस्तक्षेप' करने की अपील करते हुए कहा है कि व्यस्त वैश्विक कार्यक्रम के बीच यह घरेलू लीग से प्रभावित होता जा रहा है। नवीनतम एसएलटी20 और आईएलटी20 सहित फ्रेंचाइजी लीग की अधिकता अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है जिससे कमजोर सदस्य देशों द्वारा खेले जाने वाले मैचों की संख्या में 'खतरनाक असमानता' पैदा हो रही है।

- आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम पर दबाव डाल रहीं फ्रेंचाइजी लीग

बिग थ्री में शामिल भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का बड़ा हिस्सा मिलता है जबकि अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे जैसे टेस्ट खेलने वाले छोटे देशों को बेहद व्यस्त एफटीपी के कारण शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक मुकाबले खेलने को नहीं मिलते।

### वैश्विक क्रिकेट पर मंथन

*एमसीसी ने कहा कि दुबई में आयोजित बैठक का उद्देश्य यह जांचना था कि छोटे प्रारूप की फ्रेंचाइजी लीग से भरे व्यस्त वैश्विक क्रिकेट कार्यक्रम के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कैसे संरक्षित किया जा सकता है और अगले 10 वर्षों में वैश्विक क्रिकेट कैसा दिखेगा अगर इसे व्यवस्थित रूप से विकसित होने के लिए समय दिया जाए।*



### अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में टकराव

एमसीसी ने शुक्रवार को बयान में कहा, '2023 में पुरुषों का क्रिकेट कार्यक्रम फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं के भरा पड़ा है जो हाल ही में 2027 तक जारी द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। इस साल संयुक्त कार्यक्रम में टकराव के बिना एकमात्र समय अक्टूबर और नवंबर का है जब भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप होगा। यह प्रवृत्ति सालाना दोहराई जाती है। अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट लगातार टकरा रहा है। सिर्फ आईसीसी के वैश्विक टूर्नामेंट के दौरान ऐसा नहीं है।

### महिला एफटीपी की सराहना

एमसीसी ने आईसीसी महिला एफटीपी की सराहना की लेकिन टी20 लीग के बीच खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अधिक उपयोगी बनाने के लिए पुरुषों के खेल से सीख लेने का भी आग्रह किया। एमसीसी ने कहा, 'पुरुषों के कार्यक्रम के विपरीत 2025 तक आईसीसी महिला एफटीपी का हाल ही में जारी किया गया कार्यक्रम बहुत साफ नजर आता है और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू लीग के बीच कोई टकराव नहीं है।'

### फ्रेंचाइजी क्रिकेट और टेस्ट के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य



भारत के पूर्व कप्तान और विश्व क्रिकेट समिति के सदस्य सौरव गांगुली ने कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट और खेल के शिखर टेस्ट प्रारूप के बीच संतुलन बनाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, 'मैं अब भी मानता हूं कि क्रिकेट के लिए टेस्ट क्रिकेट सबसे बड़ा मंच है। यही वह जगह है जहां आपको महान खिलाड़ी मिलते हैं और इसीलिए इसे टेस्ट कहा जाता है। यह कौशल की परीक्षा है। यह हमेशा शिखर पर बना रहना चाहिए और मुझे यकीन है कि देश इसे महत्व देंगे और फ्रेंचाइजी क्रिकेट तथा टेस्ट क्रिकेट के बीच सही संतुलन बनाएंगे।'

## खबर संक्षेप



### मरे ने दूसरे दौर में एचवेरी को हराया

**इंडयन वेल्स।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया।

### शॉन मार्श ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का चौथा मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम के धाकड़ खिलाड़ी शॉन मार्श ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट और वनडे करियर से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 39 साल के मार्श अब सिर्फ टी-20 फॉर्मेट में ही खेलते हुए नजर आएंगे। उन्होंने प्रथम श्रेणी में 183 मैचों में कुल 32 बार नाबाद रहते हुए 41.20 की औसत से 12 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। वह लेफ्ट हैंड बल्लेबाज रहे, जिनके नाम से ही कई बड़े-बड़े गेंदबाज कांपते थे। बता दें कि जब भी शॉन फॉर्म में होते थे, तो गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते थे।



### स्नेहा ने हासिल की दो शॉट की बढ़त

**गुरुग्राम।** स्नेहा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के दूसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की। अब स्नेहा का 36 होल में कुल स्कोर पांच अंडर 139 का है। वह इस सत्र के तीसरे चरण में खिताब जीत चुकी हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए थे 480 रन

# ख्वाजा और ग्रीन के शतक, भारत ने बिना विकेट खोए बनाए 36 रन

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

उस्मान ख्वाजा दोहरे शतक से चूक गए लेकिन पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले कैमरन ग्रीन के साथ उनकी 208 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत ने इसके बाद सतर्क शुरुआत करते हुए 10 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 18 रन जबकि कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

- अश्विन ने 32वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 480 रन से 444 रन पीछे है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। मैच में भारत की संभावनाओं के लिहाज से कल तीसरा दिन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इससे पहले ख्वाजा ने 422 गेंद में 21 चौकों की मदद से 180 रन की पारी खेली। उन्होंने ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन जोड़े जिन्होंने 170 गेंद में 18 चौकों से 114 रन बनाए। टॉड मर्फी (41) और नाथन लियोन (34) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन जोड़कर भारत की मुसीबत बढ़ाई। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए। मोहम्मद शमी को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा को एक-एक विकेट मिला।



### अश्विन ने कुंबले को पछाड़ा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच में आर अश्विन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 5 विकेट हॉल पूरा करने के साथ ही इतिहास रच किया। उन्होंने इस मामले में पूर्व लेग स्पिनर अनिल कुंबले को पछाड़कर भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा 26 बार पांच विकेट लेने का कारनाम कर दिखाया। इसके साथ ही अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट में 32वीं बार 5 विकेट हॉल लेकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आर अश्विन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 112 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बांधी काली पट्टी

*ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुक्रवार को भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की मां मारिया को श्रद्धांजलि देने के लिए बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले जिनका सिडनी में निधन हो गया। मारिया को 2005 में स्तन कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। उनका गुरुवार रात अपने आवास पर निधन हो गया।*

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का जडेजा बो अश्विन | 32 | 44 | 7 | 0 |
| ख्वाजा पगबाधा बो अक्षर | 180 | 422 | 21 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन बो शमी | 03 | 20 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ बो जडेजा | 38 | 135 | 3 | 0 |
| पीटर हैंड्सकॉम्ब बो शमी | 17 | 27 | 3 | 0 |
| कैमरन का भरत बो अश्विन | 114 | 170 | 18 | 0 |
| कैरी का अक्षर बो अश्विन | 00 | 04 | 0 | 0 |
| स्टार्क का अय्यर बो अश्विन | 06 | 20 | 0 | 0 |
| लियोन को कोहली बो अश्विन | 34 | 96 | 6 | 0 |
| मर्फी पगबाधा बो अश्विन | 41 | 61 | 5 | 0 |
| मैथ्यू कुहनेमैन नाबाद | 00 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 167.2 ओवर में 480/10
गेंदबाजी : शमी 31-3-134-2, उमेश 25-2-105-0, अश्विन 47.2-15-91-6, जडेजा 35-5-89-1, अक्षर 28-8-47-1, अय्यर 1-0-2-0.

# डब्लूपीएल : वारियर्स 10 विकेट से जीता, आरसीबी की चौथी हार

एजेंसी ⏭ मुंबई

यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 42 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। आरसीबी की यह लगातार चौथी हार है जिससे उसके आगे बढ़ने की संभावना को करारा झटका लगा है। वारियर्स ने तीन मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने 13 रन देकर चार और ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 26 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की टीम 19.3 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई गई।

- एलिसा हीली के नाबाद 96 रन, बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

एलिसा हीली ने 47 गेंदों पर 18 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 96 रन बनाए। देविका वैद्य (31 गेंदों पर नाबाद 36 रन, पांच चौके) ने उनके सहयोगी की भूमिका बखूबी निभाई जिससे वारियर्स ने केवल 13 ओवर में बिना किसी नुकसान के 139 रन बनाकर मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। विमेंस प्रीमियर लीग में बेंगलोर की टीम अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी है। टीम को यूपी से पहले मुंबई, दिल्ली और गुजरात ने भी हराया। वहीं, वॉरियर्ज की यह 3 मैचों में दूसरी जीत है। टीम को दिल्ली कैपिटल्स से हार मिली और गुजरात के खिलाफ उन्होंने मुकाबला जीता था।



### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मंधाना का अंजलि बो गायकवाड़ | 04 | 06 | 0 | 0 |
| सोफी डिवाइन बो एक्लेस्टोन | 36 | 24 | 5 | 1 |
| एलिस पैरी का मैकग्रा बो शर्मा | 52 | 39 | 6 | 1 |
| कनिका का अंजलि बो शर्मा | 08 | 10 | 0 | 0 |
| हीथर नाइट रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |
| श्रेयंका का अंजलि बो एक्लेस्टोन | 15 | 10 | 3 | 0 |
| एरिन बर्न्स बो शर्मा | 12 | 09 | 2 | 0 |
| रिचा घोष रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| कोमल जांजद नाबाद | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन | 03 | 0 | 0 | 0 |
| सहाना पगबाधा बो एक्लेस्टोन | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 00, कुल : 19.3 ओवर में 138/10
गेंदबाजी : ग्रेस हैरिस 4-0-34-0, अंजलि 3-0-27-0, राजेश्वरी 4-0-27-1, एक्लेस्टोन 3.3-0-13-4, दीप्ति शर्मा 4-0-26-3, देविका वैद्य 1-0-12-0.

| यूपी वारियर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| देविका वैद्य नाबाद | 36 | 31 | 5 | 0 |
| एलिसा हीली नाबाद | 96 | 47 | 18 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 13 ओवर में 139 रन
गेंदबाजी : कोमल 2-0-22-0, श्रेयंका 3-0-36-0, एरिन बर्न्स 2-0-18-0, रेणुका 2-0-20-0, सहाना 1-0-11-0, हीथर नाइट 1-0-9-0, एलिस पैरी 2-0-17-0.

# गेंदबाजों के प्रदर्शन से श्रीलंका मजबूत, संकट में न्यूजीलैंड

एजेंसी ⏭ क्राइस्टचर्च

सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (67) के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में है। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिससे न्यूजीलैंड की टीम अब भी 193 रन पीछे है।

बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा। मेहमान टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की तुलना में गेंद को अधिक मूव कराया जिससे मेजबान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई।



### अंकिता और रुतुजा ने अंतिम-4 में बनाई जगह

**बेंगलुरु।** भारत की अंकिता रैना और रुतुजा भोसले ने शुक्रवार को यहां तीन सेट में जीत दर्ज करके आईटीएफ महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में चौथी वरीयता प्राप्त रैना ने बोस्निया-हर्जेगोविना की डिया हर्जेलास को 6-1, 6-7 (7), 7-5 से जबकि भोसले ने ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त एडेन सिल्वा को 3-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया। रैना और भोसले शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी।



### प्रो लीग : भारत ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-2 से दी शिकस्त

**राउरकेला।** स्ट्राइकर सुखजीत सिंह के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी के पहले मैच में विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद यह भारत का पहला मुकाबला था। भारत के जनवरी में विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद कई खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया था लेकिन 26 वर्षीय सुखजीत बच गए थे, उन्होंने 31वें और 42वें मिनट में मैदानी गोल दागे। टूर्नामेंट में अब तक संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर में शामिल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बिरसा मुंडा स्टेडियम में 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई थी। भुवनेश्वर और यहां आयोजित हुए विश्व कप में हरमनप्रीत अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत ने 42वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी जिसके बाद जर्मनी के लिए पॉल फिलिप कॉफमैन और माइकल स्ट्रुथॉफ ने क्रमशः 44वें और 57वें मिनट में गोल किए।



### फैंस जर्सी को करवा सकेंगे कस्टमाइज, नाम और नंबर छपवाने की सुविधा

# आईपीएल : नए लुक में नजर आएगी मुंबई इंडियंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बहुत ही जल्द आईपीएल के 16वें सीजन की शुरुआत होने वाली है। सभी टीमों ने आईपीएल को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। आईपीएल 2023 के मैच की तारीखों का भी ऐलान हो चुका है। पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा। इसी बीच पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम इस बार नए लुक में नजर आएगी। मुंबई की इस नई जर्सी को शांतनु और निखिल ने डिजाइन किया है। हालांकि जर्सी में कुछ ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। जर्सी में हल्के दिखने वाले पैटर्न में बदलाव किया गया है।

मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया हैंजल से रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और तिलक वर्मा की नई जर्सी में तस्वीर को शेयर किया गया। इस जर्सी को लेकर मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने बताया कि सालों से मुंबई इंडियंस टीम ने काफी लोगों को प्रेरित किया है। गौरतलब है कि इस नई जर्सी को फैंस खरीद भी सकते हैं। मुंबई इंडियंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के जरिए इस नई जर्सी का ऐलान किया है। दिलचस्प बात है कि अब फैंस मुंबई इंडियंस की जर्सी को अपने हिसाब से कस्टमाइज भी करवा सकते हैं। जर्सी पर अपना नाम और अपनी पसंद का कोई नंबर भी छपवा कर ऑर्डर कर सकते हैं। इससे पहले लखनऊ सुपर जाएंट्स ने नई जर्सी लॉन्च की थी। बता दें कि आईपीएल 2023 की शुरुआत 31 मार्च से होनी है और 4 साल के बाद होम और अवे फॉर्मेट की वापसी होगी।



### मुंबई को गेंदबाजी में विविधता का फायदा

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के महिला प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूर्नामेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है। वोंग ने कहा, 'हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है। हमने सभी विभागों को ध्यान में रखा है। इससे हमें लचीलापन अपनाने का मौका मिलता है।'



।। आवश्यकता ।।
आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार
"गरीबों का सितारा"
को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।
नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. 8233553666
राजेन्द्र शर्मा
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125
।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।
गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राजस्थान वर्किंग मीडिया जर्नलिस्ट यूनियन सीकर एवं पत्रकार समिति तहसील दांतारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शैला जोसफ को मिला वुमन ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड

### शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक, कला, संस्कृति, राजनीति, सेना व प्रशासनिक सेवा में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

गरीबों का सितारा





**दांतारामगढ़।** राजस्थान वर्किंग मीडिया जर्नलिस्ट यूनियन सीकर एवं पत्रकार समिति तहसील दांतारामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में वुमन ऑफ द ईयर 2023 सम्मान समारोह साध्वी योग श्रीनाथ कोट बांध शाकंभरी



के सानिध्य में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को जीनियस मेगा माइंड शिक्षण संस्थान एंड किड्स एकेडमी पचार में हुआ। सम्मान समारोह में शैला जोसफ, एलएचवी स्वास्थ्य विभाग पचार को वुमन ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड से नवाजा गया। राजस्थान वर्किंग मीडिया जर्नलिस्ट यूनियन सीकर के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा व दांतारामगढ पत्रकार समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सैनी ने बताया कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक, कला, संस्कृति, राजनीति, सेना व प्रशासनिक सेवा में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली महिलाओं का साफा, शॉल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान युवा बोर्ड राज्य मंत्री सीताराम लांबा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश संयोजिका मधु कुमावत, सुनिता गठाला, प्रधान गेंद कंवर, प्रभुसिंह गोगावास, थानाधिकारी मदनलाल कड़वासरा, पचार सरपंच राहुल कुमावत, पूर्व प्रधान भंवरलाल वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी नीरु सांखला सहित अनेक जनप्रतिनिधि व भामाशाहों ने शिरकत की। सम्मान समारोह में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम में दांतारामगढ़, खाटूश्यामजी, पलसाना सहित आसपास के पत्रकार मौजूद रहे जिनको समाजसेवी भामाशाहों द्वारा प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। सफल कार्यक्रम आयोजित करवाने में संयोजक विष्णु दत्त तिवारी व राजेश्वर भाट का सराहनीय कार्य रहा। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले समाजसेवी भामाशाह बजरंग लाल, गोरधन लाल सोनी, प्रभुदयाल नेमीवाल पूर्व भाजपा इकाई अध्यक्ष पचार, गजानंद नेमीवाल, भूमि एवं पूनम मार्ट मुन्ना प्रजापत, मोहन लाल कुमावत, जयप्रकाश एलआईसी अभिकर्ता, गजानंद बेडवाल, जीतू कुमावत खुशी ई-मित्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन राजेंद्र सरोज व राजेंद्र मधुकर ने किया। कार्यक्रम आयोजक व संयोजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# समाज और देश के विकास के लिए एकजुटता जरूरी : हरप्रसाद कुशवाह

## नंगला भाली में आयोजित कुशवाहा समाज के होली मिलन समारोह में उमड़े लो

गरीबों का सितारा

**भरतपुर।** भरतपुर जिला कुशवाहा समाज विकास समिति की ओर से नगला भाली में आयोजित होली मिलन समारोह में कुशवाहा समाज के लोगों की भीड़ उमड़ी ' समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की ' इस मौके पर समाज के लोगों ने होली से संबंधित लोक गीत गाए और मौके पर नृत्य किया ' समारोह पूर्वक आयोजित हुए इस होली मिलन समारोह में कुशवाहा समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों ने उपस्थिति दर्शाई तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म सिंह कुशवाह ने की इस मौके पर कुशवाह सर्व समाज के लोकप्रिय नेता तथा उज्जैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर प्रसाद कुशवाहा ने अपने स्वागत भाषण में लोगों से कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में शिक्षा बहुत जरूरी है बिना शिक्षा के ना तो व्यक्ति का विकास हो सकता है और ना ही समाज और देश का इसलिए कुशवाहा समाज में शिक्षा के लिए जोरदार तरीके से जनजागृति लानी होगी एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे इसके लिए माता पिता को खुद को सबसे पहले एक जिम्मेवार माता पिता बनना होगा



और हर हाल में बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल भेजना होगा ' कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश की गहलोत सरकार ने शिक्षा, चिकित्सा, पानी ,बिजली, उद्योग, कृषि हर क्षेत्र में विगत 4 सालों में बहुत ही शानदार काम किया है जिसमें शिक्षा और चिकित्सा में तो राजस्थान पूरे देश में रोल मॉडल के रूप में स्थापित हुआ है इसलिए कुशवाहा समाज के लोग राजस्थान सरकार की ओर से शुरू की गई सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ' हर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है इसलिए हम सभी को आपस में भाईचारे की भावना से रहना चाहिए तथा जरूरतमंद व्यक्ति की हर संभव मदद भी करना चाहिए चाहे वह किसी भी समाज का क्यों ना हो उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज अभी विकास के लिहाज से अन्य समाजों से पीछे है इसलिए हम सब के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है कि हम अपने समाज को तेजी से विकास की ओर लेकर जाने और यह तभी संभव हो सकता है जब हम सब मिलकर सामूहिक रूप से प्रयास करें तथा समाज में शिक्षा के लिए व्यापक पैमाने पर एक बड़ा जनजागृति अभियान शुरू करें ताकि समाज के बच्चे युवा अच्छा पढ़ लिख कर एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकें ' समारोह में वर्ष 2022 में आयोजित हुए कुशवाहा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया तथा सामूहिक रूप से चर्चा करके निर्णय लिया गया कि वर्ष 2023 का कुशवाहा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 22 अप्रैल को नगला भाली में ही आयोजित किया जाएगा और इस सम्मेलन का अध्यक्ष विजय भान सिंह कुशवाहा को बनाया गया समारोह में बाबूलाल कुशवाहा, हेमलता कुशवाह, ओमी चहल थान सिंह हाकिम सिंह लाल सिंह हीरा सिंह विजय सिंह गिरिराज सिंह इत्यादि समाज के सभी वरिष्ठ लोग शामिल हुए तथा समारोह का संचालन हुकुम सिंह ने किया ' समारोह में शामिल हुए सभी लोगों ने कुशवाहा समाज के लोकप्रिय युवा और कांग्रेस नेता हरप्रसाद कुशवाहा को उज्जैन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की गई तथा इस नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा नदबई विधायक और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना को समाज के लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के दिखे तेवर

गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** शहर जो राजस्थान में अजमेर जिले की हदय स्थली के रूप में लोकप्रिय है शुक्रवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में ब्यावर कांग्रेस ने तीखे तेवर दिखाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी केपीटलीज्म की नीति से सभी परिचित है । गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई,एवं एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिसमें गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ो भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है एलआईसी में देश के करोडो लोग गरीब, मजदुर,किसान बुजुर्ग,विधवा,बच्चे,नोजवान,ऐसे करोडो लोगो ने निवेश कर रखा है।अगर ऐसा ही रहा तो देश की करोडो जनता जिनका पैसा एलआईसी में जमा है।जो केंद्र सरकार के अपने मित्रता प्रेम में देश की जनता की चिंता छोड़,अडानी की मद्दत कर रही है।लेकिन कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़को तक,मीडिया और सोशल मीडिया में और लोगों के साथ सभी स्तरों पर आवाज उठा रही है।कांग्रेस पार्टी के लिए देश की जनता सर्वोपरि हैं।कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपने उद्बबोधन में विधान सभा के पूर्व प्रत्याक्षी मनोज चौहान,चन्द्रकान्ता मिश्रा, पारस पंच, दिनेश शर्मा,,जगदीश सिंह राठौड़, देवेंद्र सिंह,कल्पना भटनागर ,रामेश्वर मेवाड़ा,पार्षदभुवनेश शर्मा,माजिद कुरैशी,रामनिवास सेन,घनश्याम फुलवारी,बालूराम सेन,ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस



अध्यक्ष अशोक रांका सभी ने केंद्र की बीजेपी नित सरकार को कोसा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी तोड़े और इस महाघोटाले में निष्पक्ष जांच करावे ० आपका नहीं बोलना ये साबित करता है।कि ये सब केंद्र सरकार के इशारों पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।भवँर लाल वैष्णव,मोहन फोजी,हनुमान चौधरी,पार्षद, राजेश शर्मा,घनश्याम फुलवारी,भरत भागमार,भरत बंधिवाल, राजेंद्र तुंगरिया,मोहम्मद इमरान,बिर्जेश साहू,दिनेश जैन,मुराद मंसूरी,मनमोहन मेहता,राजू बाबेल,अजय स्वामी ,रमेश सिंह,देवेन्द्र सिंह, वार्ड 51 नंदकिशोर दगदी,अशोक पंडित,सोमदेव साहू,डॉ अरविन्द माथुर,कमलेश बोहरा,अश्वनी प्रजापति,ऋषि लाम्बा,सचिन गहलोत,ब्रजराज दुलगच,जीवराज जावा,मुकेश लखन,मोतीलाल फुलवारी,रमेश अवस्थी,सुनील चौहान,भवानी सिंह,कमलेश शर्मा,नरेंद्र जेसवानी,मंगन सोलंकी,सुलक्षणा शर्मा,जसोदा गुर्जर,राजकुमारी तंवर,सम्पति बोहरा,संतोष सांखला,संतोष शर्मा,कमल कुमार,नरेंद्र सिंह,कमलेश शर्मा,पप्पू पहलवान,महावीर आसरवा, बृजेश साहू,रामलाल लखन्न,जितेंद्र गिडवानी,अशोक मूंदड़ा,रामस्वरूप डागर,बलजीत सिंह,हिमांशु शर्मा,लोकेश कुमार,मदन लाल मेघवाल,प्रश्ननचंद जैन,चेतन भट्ट,सुरेंद्र सेन,श्याम शर्मा,माणकचंद बोहरा,विपिन जावा,सुरेश जावा,दिनेश सिंह, पूनम सिंह,चन्द्र शेखर शर्मा,धनंजय गौर, प्रमोद कुमार,मदनलाल सोलंकी,आदि कई कार्यक्रताओं ने शामिल होकर केंद्र की नाकारा ० मित्र प्रेम में मशगूल सरकार को घेरा मंच संचालन पार्षद राजेंद्र तुंगरिया ने किया।

# भाजपा कार्यकताओं ने बस्सी चक पर किया हाईवे जाम




गरीबों का सितारा

**बस्सी(रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा एवं एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नेता उर्मी करोल के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओ ने राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा के नेतृत्व में वीरांगनाओं की विभिन्न मांग को लेकर पिछले 10 दिनों से लगातार चल रहे धरने पर कांग्रेसी नीति सरकार के इशारों पर पुलिस प्रशासन द्वारा वीरांगनाओं, उनके परिजनों एवं राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीना के साथ अमानवीय व्यवहार और गिरफ्तारी को लेकर बस्सी विधानसभा क्षेत्र के सर्व समाज एवं भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भाजपा नेता हेमन्त मीणा एवं अनिल भूड़ला के द्वारा जयपुर आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग को नारेबाजी करते हुए चक्का जाम कर दिया। इस दौरान भाजपा नेता उर्मी ने बताया कि राज्य सभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा वीरांगनाओं के हितों की लड़ाई लड़ रहे है और वीरांगनाओं को राजस्थान सरकार में मंत्रिमंडल में फैसला लेकर उनका अधिकार दिलवा सकते हैं और राजस्थान पुलिस के द्वारा डॉ किरोडी लाल के साथ हुई मारपीट से हालत गंभीर है और वर्तमान में गंभीर अवस्था में एसएमएस अस्पताल में भर्ती है ओ राज्यसभा सांसद के साथ दुर्व्यवहार होने पर बस्सी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने बस्सी चक से उपखंड मुख्यालय तक नारेबाजी के साथ पैदल मार्च करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा को ज्ञापन सौंपकर राज्य सभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा की रिहाई के साथ वीरांगनाओं को उनका हक दिलवाने की मांग की है और इस अवसर पर सवाई माधोपुर भाजपा जिला प्रभारी नारायण मीणा,गंगाराम मीणा, हरिमोहन पटेल,युवा मोर्चा जिला मंत्री शिव कल्याणपुरा, एडवोकेट मनीष शर्मा,भाजपा नगर मंडल महामंत्री रामफूल मीना,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र खारड़िया,महामंत्री शुभम शर्मा,राजवीर गुर्जर,मुकेश कालवानिया,दीपक जांगिड़,विक्की जांगिड़,राकेश थूनिया,प्रताप मीना समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ अलवर, रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर अलवर ने प्रेस कान्फ्रेस का किया गया आयोजन



गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा, अलवर।** रोटरी क्लब अलवर व रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के तत्वधान में नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से 12 मार्च 2023 रविवार को रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर अंबेडकर नगर अलवर में दिव्यांग शल्य चिकित्सा जांच चयन एवम सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जन्मजात दिव्यांगों की निशुल्क जांच की जाएगी उनमें से चयनित रोगियों को उदयपुर बुलाकर निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे वह ऐसे दिव्यांग भाई बहन जो किसी दुर्घटना में अपने अंक गंवा चुके हैं अथवा अंग विहीन हैं उनको उपलब्धता वह पात्रता के आधार पर कृत्रिम अंगों का वितरण पर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा शिविर में ट्राई साइकिल बैसाखी स्वर्ण मंत्र पात्रता के आधार पर दिए जाएंगे वही जितेंद्र खुराना ने बताया कि 13 नवंबर को क्लब द्वारा श्री लाल दास मंदिर शेरपुर में एक चिकित्सा एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें 200 मरीजों ने शिविर का






लाभ लिया व डॉ श्रॉफ चैरिटी ट्रस्ट के सहयोग से 150 लोगों का आंखों का ऑपरेशन किया गया करीब 100 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया.।

# संवेदनशील होना कवि की पहली पहचान-रेनू शब्दमुखर

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में ऑल इंडिया लिटरेरी फ्रेंड्स ने वर्चुअल काव्य गोष्ठी का प्रोग्राम आयोजित किया जिसमे भारत के अलग-अलग राज्यों से कवियों कवयित्रियों ने भाग लिया। जयपुर से संपर्क साहित्यिक संस्थान की समन्वयक महासचिव रेनू शब्दमुखर ने अध्यक्षा के पद का दायित्व निभाते हुए बताया कि कवि या लेखक संवेदनशील होता है और वह समाज की बातों को अपनी लेखनी के माध्यम से स्पष्ट करता है वह बात जितनी सहज, सीधी व सरल होगी उतनी सबके अंतर्मन को छुएगी। साथ ही अपने वक्तव्य में होली के रंगों की महत्ता बनाए रखने व इन चटक रंगों में ही जीवन का सार छुपा है, बताया। मुख्य अतिथि शायर और ज्योतिषबिंद आचार्य श्री सागर जी (गाजियाबाद) ने सुंदर गजलें सुनाई और कहा कि मुश्किलों का सामना करते हुए सभी को आगे बढ़ना है। समाज को कुचक्करों के प्रति जागृत करना हमारा कर्तव्य है। श्री भूपेश प्रताप, एडिटर (दिल्ली) ने बहुत ही प्रभावशाली शैली में काव्य पाठ किया तो सभी वाह वाह कर उठे। उन्होंने भी साहित्य के प्रति निष्ठा बनाए रखने को कहा। डॉ. प्रद्युमन भल्ला ने बहुत ही सुंदर आवाज में अपनी गजलें गा कर सुनाई और विशेष कर महिलाओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिलाएं दोहरी तेहरी जिम्मेवारी निभाते हुए साहित्यक सेवा के लिए बहुत संघर्ष करती हैं।




प्रो. सुदेश मोदगिल नूर ने जापान से शिरकत की। सहित्यागर रेणु अब्बी रेणु के सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज हुआ।संगीता कुंद्रा और अरुणा डोगरा ने मोहाली और चंडीगढ़ से वर्चुअल गोष्ठी में भाग लिया। ऋतु अग्रवाल (मेरठ) ने काव्य पाठ करते हुए साहित्य की बारीकियों की तरफ ध्यान आकर्षित किया। कृष्णा गोयल पूर्व ज्वाइंट रजिस्ट्रार,ने पंचकुला से वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन बहुत सुंदर ढंग से शायराना अंदाज में कर-के सभी का मन जीत लिया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास बताते हुए अपना काव्य पाठ किया और कहा कि भारतवर्ष में महिलाओं को हमेशा सम्मान दिया गया है और हमारे ग्रंथों में यहां तक कहा गया है *"यत्र नारी पूज्यते तत्र रमंते देवता"जहां नारी का सम्मान होता है ,वहां देवताओं का वास होता है। सभी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी गोष्ठी का आयोजन हर महीने किया जाना चाहिए। भारत मां के जय उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अनशन स्थल पर महावीर रांका ने वैवाहिक जीवन की 25वीं वर्षगांठ मनाई

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** संघर्ष की बानगी देखिए होली का त्योहार हो या कोई सामाजिक कार्यक्रम सब आयोजन अनशन स्थल पर ही सम्पन्न हो रहे हैं। जिला कलक्ट्रेट के समक्ष चल रहे अनशन के 33वें दिन शुक्रवार को भाजपा नेता महावीर रांका के वैवाहिक जीवन की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। यूआईटी के पूर्व चैयरमेन महावीर रांका ने कहा कि संघर्ष की राह थाम ली है अब जब तक 18 कार्मिकों को ज्वाइनिंग नहीं मिल जाती पीछे नहीं हटेंगे। भाजपा के आनन्द सोनी ने बताया



कि अनशन स्थल पर वैवाहिक वर्षगांठ पर महावीर-ममता रांका को लालजी गुरु द्वारा शुभाशीष प्रदान किया गया। प्रणव भोजक ने बताया कि इस दौरान सुभाष गोयल, जेठमल सेठिया, ओम राजपुरोहित, राजेंद्र शर्मा मधुसूदन शर्मा, शंभू गहलोत, तेजाराम राव, टेकचंद यादव, राजेंद्र व्यास, कैलाश पारीक, मदन सारड़ा, निर्मल गहलोत, रमेश सैनी, घनश्याम रामावत, कैलाश पारीक, लक्की पंवार, साहिल सोढा, गणेश जाजड़ा, जगदीश मोदी, संजय स्वामी, रतनलाल जयपाल, नरेश मक्कड़, श्रीलाल चाँडक, गुलाब सोनी, पवन सुथार, गौरीशंकर देवड़ा एवं अर्पित तंवर उपस्थित रहे।

# आस माता से बहुत सी आस, महिलाओं ने किया पूजन

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** आस माता से आस को लेकर शुक्रवार को महिलाओं ने परम्परागत रूप से पूजन करते हुए व्रत रखा। शुक्रवार को बीकानेर में अनेक स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से शमी वृक्ष का पूजन किया। इसी कड़ी में लक्ष्मीनाथ पार्क में खेजड़ी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर परम्परागत रूप से महिलाओं ने खेजड़ी वृक्ष के कच्चे धागे के साथ परिक्रमा लगाई तथा सामूहिक रूप से व्रत की कथा सुनी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com